तापमान
अधिकतम 37.4 डिग्री
न्यूनतम 24.7 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

- पकड़े गए सभी आरोपी रिश्तेदार, देश के अलग-अलग राज्यों में करते थे चेन स्नैचिंग
- सैर करने के बहाने अलग-अलग शहरों में जाकर करते थे वारदात

# सब्जी मंडियों में चेन स्नैचिंग, कई राज्यों में वारदात, सोना बेचकर खरीदी लग्जरी कार

*मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के आठ गिरफ्तार, गिरफ्तार आरोपियों में सात महिलाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अंतर्राज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह के आठ शातिरों को एंटी क्राइम एंड साइबर सेल की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इनमें सात महिलाएं तथा एक पुरुष है। गिरफ्तार आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। एक आरोपी महाराष्ट्र, जलगांव का तथा सात आरोपी मध्यप्रदेश, इंदौर के रहने वाले हैं। शातिर राज्य में एक साल से सक्रिय थे। शातिरों ने राजधानी में एक दर्जन से ज्यादा चेन स्नैचिंग की है।

चेन स्नैचिंग के आरोप में पुलिस ने जिन शातिरों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने छत्तीसगढ़ के साथ गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र में चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया है। मामले का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला ने बताया कि गिरफ्तार गिरोह ▶▶|शेष पेज 13 पर

### फूटेज में चेन निकालते दिखा संदिग्ध

*राजधानी में एक ही पैटर्न में लगातार हो रही चेन स्नैचिंग की वारदात को देखते हुए संबंधित थानों के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पड़ाताल में पुलिस को कुछ संदिग्ध महिलाएं पीड़िता के आसपास दिखाई दीं तथा फूटेज में उन्हें पीड़िता के गले में पहनी हुई सोने की चेन निकालते देखा गया। संदिग्धों के फूटेज के आधार पर पुलिस ने शातिरों को फॉलो कर इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास ट्रैप कर गिरफ्तार किया।*





### चेन बेच कर खरीदी नई लग्जरी कार

*पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि पूरे गिरोह को चेन स्नैचिंग करने ट्रेन या बस में जाने पर पकड़े जाने का भय रहता है। इसीलिए उन लोगों ने चोरी की चेन बेचकर मध्यप्रदेश, इंदौर से एक नई इनोवा कार खरीदी। कार खरीदने के बाद शातिर एक शहर से दूसरे शहर अपनी सुविधानुसार चेन स्नैचिंग करने के लिए जाती थीं।*

### वारदात करने का यह है तरीका

*चेन स्नैचिंग करने महिलाएं आपस में दो से तीन ग्रुप में बंट जाती थीं। जहां चेन स्नैचिंग करनी होती थी, उस क्षेत्र का एक दिन पूर्व रैकी करने जाते थे। दूसरे दिन दो से तीन की संख्या में शातिर महिलाएं टार्गेट चयन करती थीं और उसका पीछा करती थीं। टार्गेट सब्जी खरीदने या कोई अन्य सामान खरीदने व्यस्त होती थी। इस दौरान गिरोह में शामिल एक महिला अपने टार्गेट को बातों में उलझा देती थी और दूसरी महिला चेन खींचकर अपने किसी अन्य साथी को थमा देती थी।*

### सैर करने आने के बहाने शहर में प्रवेश करते थे

*शातिर जिस शहर में चेन स्नैचिंग करने जाते थे, वहां वे सभी टूरिस्ट बनकर जाते थे। एक शहर में दो से तीन दिन चेन स्नैचिंग करने के बाद किसी दूसरे शहर में चले जाते थे। शातिरों ने रायपुर के साथ दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर तथा रायगढ़, कोरबा में भी चेन स्नैचिंग की घटना की है। इन शहरों में शातिरों ने कितनी चेन स्नैचिंग की घटना की है, आरोपियों से पूछताछ में इसका खुलासा होगा।*

## खबर संक्षेप

### एम्स का डॉक्टर बनकर 20 हजार रुपए की ठगी

**रायपुर।** कबीर नगर थाना में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ एम्स का फर्जी डॉक्टर बन कर मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा देकर 20 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुझान जायसवाल ने आदित्य अग्निहोत्री उर्फ आदित्य मिश्रा उर्फ श्रीधर राउत के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। रुझान ने पुलिस को बताया है कि उसकी आदित्य से वर्ष 2025 में मुलाकात हुई थी। आदित्य ने रुझान को अपना परिचय एम्स के डॉक्टर के रूप में देते हुए अपने आपको शेयर मार्केट का ट्रेडर बताया। मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेजों की जरूरत पड़ने पर रुझान ने आदित्य से संपर्क किया। इस बात का फायदा उठाते हुए आदित्य ने रुझान को झांसा देकर किस्तों में पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया।

### गांजा तस्करों को 20-20 साल कैद, जुर्माना

**रायपुर।** गरियाबंद देवभोग में दो वर्ष पहले 22 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद के साथ दो-दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक स्वाति शर्मा के अनुसार कोर्ट ने मूलतः ओडिशा, कालाहांडी निवासी आसुतोष मेहेर तथा क्षिरोद मेहेर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 30 मई 2024 को बाइक से गांजा ले जाते गिरफ्तार किया था।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में शिवा धीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिवा को आछी तालाब के पास दोपहिया से गांजा ले जाते गिरफ्तार किया। शिवा गांजा को बिक्री करने ले जा रहा था। शिवा ने किसके पास से गांजा खरीदा था, पुलिस इस संबंध में उससे पूछताछ कर रही है।

# सामान्य सभा में प्रस्ताव- नहीं बदलेगा कोतवाली चौक का नाम, मॉल पर प्रदर्शन शुल्क अब 600 रुपए

*वेंडिंग जोन के प्रस्ताव पर 25 पार्षदों ने जताया ऐतराज, फिर भी बहुमत से प्रस्ताव पारित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम की स्थगित सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को महात्मा गांधी सदन के सभागार में शुरू हुई, जिसमें कोतवाली चौक के नाम परिवर्तन का प्रस्ताव सर्व सम्मति से विलोपित कर दिया गया।

शहर में 15 स्थानों पर प्रस्तावित वेंडिंग जोन के एजेंडा में विसंगतियों पर 25 पार्षदों ने आपत्ति जताई कि बिना उनकी जानकारी के निगम अधिकारियों ने वेंडिंग जोन तय कर प्रस्ताव बनवाया है, इससे वे सहमत नहीं हैं। इसके लिए पार्षदों से चर्चा कर दोबारा प्रस्ताव मंगाया जाए। दो दर्जन से ज्यादा पार्षदों की आपत्ति के बाद भी यह एजेंडा सदन में बहुमत से पारित हुआ। अन्य प्रमुख एजेंडों में खालसा स्कूल के सामने से सड़क चौड़ीकरण प्रभावित 69 दुकानदारों के व्यवस्थापन का प्रस्ताव सामान्य सभा से पारित हुआ। यही नहीं, किरण बिल्डिंग एजेंडा को शासन के पास मार्गदर्शन के लिए भेजे जाने का निर्णय लिया गया। सामान्य सभा में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कोतवाली चौक एजेंडा विलोपित

कोतवाली चौक के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को सामान्य सभा ने सर्व सम्मति से विलोपित कर दिया। एजेंडा 8 पर आपत्ति जताते हुए जोन 4 अध्यक्ष और संबंधित वार्ड पार्षद मुरली शर्मा ने भारसाधक सदस्य अमर गिदवानी से पूछा कि सदन में नामकरण से जुड़ा प्रस्ताव छत्तीसगढ़ निर्माण से पहले का है या बाद का? श्री गिदवानी ने जवाब दिया बाद का, इस पर मुरली शर्मा ने ▶▶|शेष पेज 13 पर



### किरण बिल्डिंग पर नहीं बनी बात, पुराना मेयर हाउस को ईडी दफ्तर के लिए देने पर हंगामा

रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में जयस्तंभ चौक की किरण बिल्डिंग के स्वामित्व और मुआवजे को लेकर चल रहे 25 साल पुराने विवाद पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो पाया। महापौर मीनल चौबे ने इस संवेदनशील मामले में तकनीकी पेंच को देखते हुए इसे राज्य शासन के पास मार्गदर्शन के लिए भेजने का निर्णय लिया है। यह मामला सड़क चौड़ीकरण से जुड़ा हुआ है, जिससे ट्रैफिक और स्थानीय व्यापारियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। शासन के हस्तक्षेप से दशकों पुराने इस कानूनी और प्रशासनिक विवाद के सुलझने की उम्मीद जगी है। विदित हो, किरण बिल्डिंग मामले में सड़क चौड़ीकरण के दौरान विस्थापित हुए व्यापारी कन्हैयालाल खेमानी और निगम के बीच जमीन को लेकर कोर्ट में मामला लंबित है। लंबी चर्चा के बाद महापौर मीनल चौबे ने स्पष्ट किया कि प्रशासन से जवाब आने के बाद ही इसे अगली सभा में रखा जाएगा।

### पूर्व महापौर बंगला अब बनेगा ईडी दफ्तर



सभा के दौरान नलघर स्थित नगर निगम की संपत्ति पूर्व महापौर निवास को प्रवर्तन निर्देशालय को अस्थाई कार्यालय के लिए सौंपने के एजेंडे पर जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सत्ता पक्ष को घेरते हुए निगम की संपत्ति को केंद्रीय एजेंसी को देने का पुरजोर विरोध किया। इस पर महापौर ने दलील दी कि जब तक ईडी का अपना नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक यह आवंटन केवल अस्थाई तौर पर किया गया है।

### शहर में लगेंगी वीर सावरकर और शहीद आकाश राव गिरपुंजे की प्रतिमाएं

*सामान्य सभा की बैठक में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए , जिनमें अमर शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने और सड़क नामकरण के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए। लिए गए निर्णय के अनुसार अमर शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की प्रतिमा लाखे नगर में स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा आयुर्वेद कालेज गेट के पास लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। लाखे नगर चौक पर पंडित वामनराव लाखे की प्रतिमा स्थापित होगी। शहर की सड़कों के नामकरण के प्रस्ताव भी पारित किए गए, जिनमें देवेंद्र नगर से पंडरी कपड़ा मार्केट जाने वाली सड़क अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद जैन के नाम से जानी जाएगी।* ▶▶|शेष पेज 13 पर

# फाइनेंस की गाड़ी का नाम ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत

## आरटीओ का प्रोग्रामर घूस लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

- घटना रायपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की



एसीबी की टीम ने शुक्रवार को रायपुर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में दबिश देकर असिस्टेंट प्रोग्रामर शोभा राम देवांगन को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। असिस्टेंट प्रोग्रामर पर आरोप है कि उसने एक निजी फाइनेंस कंपनी के ट्रक का नामांतरण करने पीड़ित से 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। आहत ने इसकी शिकायत एसीबी, ईओडब्लू में की। एसीबी की टीम ने रिश्वतखोर असिस्टेंट प्रोग्रामर को ट्रैप करने जाल बिछाया और उसे रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक शोभा राम के खिलाफ संतोषी नगर निवासी वीर सिंह ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराई थी। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### परिवहन विभाग में पहली कार्रवाई

एसीबी की टीम ने पिछले वर्ष काम के बदले रिश्वत मांगने के 22 जिलों में 60 कार्रवाई करते हुए 60 घूसखोर अफसर, सरकारी कर्मी, बाबू सहित अन्य को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी ने पिछले साल जितनी कार्रवाई की है, उनमें राजस्व, शिक्षा से लेकर पुलिस विभाग के एसआई तथा निचले स्तर के पुलिसकर्मी शामिल हैं। पिछले एक दशक में परिवहन विभाग में किसी के रिश्वत लेते पकड़े जाने का यह पहला मामला है।

# सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा में पृथक रूप से उत्तीर्ण होना अनिवार्य

## सीबीएसई ने बदले नियम, कम ना हो आंतरिक मूल्यांकन की प्रासंगिकता इसलिए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए कक्षा 10 के उत्तीर्ण मानदंडों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह नया नियम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा। पुराने नियम के अनुसार छात्रों को लिखित परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन के कुल अंकों में 33 प्रतिशत प्राप्त करके पास होना पड़ता था। अब बोर्ड ने इसे दो अलग-अलग खंडों में विभाजित कर दिया है। छात्रों को मुख्य लिखित परीक्षा में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक और आंतरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट, प्रैक्टिकल, असाइनमेंट आदि) में भी अलग से न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा।



यदि कोई छात्र इंटरनल असेसमेंट में बहुत अच्छे अंक लाता है, लेकिन थ्योरी में 33 प्रतिशत से कम रह जाता है, तो उसे उस विषय में उत्तीर्ण नहीं माना जाएगा। यही नियम इंटरनल असेसमेंट पर भी लागू होगा। सीबीएसई के मुताबिक, यह कदम नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) की भावना के अनुरूप है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल अंतिम बोर्ड परीक्षा के भरोसे न बैठने देना, बल्कि पूरे वर्ष नियमित पढ़ाई, कक्षा गतिविधियों और निरंतर मूल्यांकन के लिए प्रेरित करना है। इससे सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की प्रासंगिकता बढ़ेगी, छात्रों की रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान में सुधार होगा और रट्टा मारने की प्रवृत्ति कम होगी।

### प्रायोगिक परीक्षा में उपस्थिति अनिवार्य

नए नियम के बाद छात्रों के लिए प्रायोगिक परीक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य हो जाएगी। विशेष परिस्थितियों में ही सीबीएसई ऐसे छात्रों के लिए पुनः परीक्षा आयोजित करता है, जो मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। सामान्यतः खिलाड़ी छात्रों को अथवा किसी राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में हिस्सा लिए जाने की स्थिति में ही विद्यार्थियों को छूट प्रदान की जाती है। चूंकि वर्तमान सत्र से सीबीएसई दो परीक्षाएं आयोजित करने जा रहा है, इसलिए मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं हो सके विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। द्वितीय परीक्षा केवल सैद्धांतिक विषय की होगी, थ्योरी की नही। इसलिए प्रथम प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होना छात्रों के लिए अनिवार्य होगा।

### आने वाले दिनों में बन सकते हैं लू जैसे हालात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आने वाले दिन में लू जैसे हालात बन सकते हैं। गर्मी का ज्यादा प्रभाव रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर जैसे संभागों में रह सकता है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि इस दौर की गर्मी अप्रैल का पीक हो सकता है और अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच हो सकता है। बादल-बारिश वाली गतिविधि कम होने की वजह से अभी सामान्य से कम टेंप्रेचर में भी अधिक गर्मी महसूस हो रही है। प्रदेश में गर्मी के पीक वाले अप्रैल का दस दिन गुजर चुका है और अब आने वाले दिनों में इसका प्रकोप बढ़ने की पूरी संभावना बन गई है।




## रायपुर में किसी भी खदान से बारीक रेत नहीं निकल रही है

# रात में निकली खनिज विभाग की टीम, रेत से भरे 12 हाईवा सहित 13 वाहन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

रायपुर जिले में दूसरे जिले महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद से रेत का लगातार अवैध परिवहन हो रहा है। मीडियम रेत से ज्यादा बारीक इन तीनों जिलों से रायपुर आ रही है, क्योंकि रायपुर में किसी भी खदान से बारीक रेत नहीं निकल रही है। यही कारण है कि बारीक रेत काफी महंगी है। आम लोगों को 22 से 25 रुपए फीट की दर से बारीक रेत खरीदनी पड़ रही है। अवैध रेत का परिवहन ज्यादातर रात के समय में ही किया जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जब्त वाहन में 7 दूसरे जिलों के

औचक निरीक्षण में पकड़े गए वाहनों में 7 दूसरे जिलों के हैं। इनमें महासमुंद, गरियाबंद एवं धमतरी जिले शामिल हैं। विभाग ने सभी वाहन के मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया है। इसके तहत प्रत्येक रेत से भरी गाड़ी के मालिक पर लगभग 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इस तरह 13 वाहन मालिकों से कुल 3 लाख 90 हजार के करीब ▶▶|शेष पेज 13 पर



### 13 वाहन को पकड़ा गया है

शासन और प्रशासन के सख्त निर्देश हैं कि अवैध भंडारण, परिवहन और उत्खनन पर रोक लगाया जाए। इस निर्देश के तहत टीम को लगातार दिन और रात में निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है। रात में निरीक्षण के दौरान 13 वाहन को पकड़ा गया है।

\- **राजेश मालवे**, जिला अधिकारी, खनिज विभाग

### सप्ताहभर पूर्व 15 वाहन जब्त

रात में की गई कार्रवाई से करीब सप्ताहभर पूर्व विभाग की टीम ने दिन में अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर 15 वाहन को पकड़ा था। इनमें 9 वाहन में रेत, 3 में चूना पत्थर, 1 में मुरुम तथा 2 में मिट्टी भरी हुई थी। इस तरह सप्ताहभर में अवैध परिवहन मामले में 28 वाहन को पकड़कर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कलेक्टर के निर्देश पर अवैध परिवहन पर रोक एवं कार्रवाई करने रात में निकली टीम

*हरिभूमि की खबर का असर यह हुआ कि कलेक्टर गौरव सिंह ने स्वयं इस खबर को संज्ञान में लिया और रात में रायपुर सीमा में दूसरे जिलों से अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने तथा कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग के अफसरों को निर्देश दिए। इस निर्देश के तहत विभाग की टीम ने गुरुवार रात 10 बजे खरोरा, आरंग, नवापारा गोबरा, माना, मंदिर हसौद क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने 13 हाईवा वाहन को जब्ती बनाया है, जिसमें 12 में रेत तथा 1 में फर्शीपत्थर भरा हुआ है। इन सभी वाहन चालकों के पास रायल्टी पर्ची नहीं मिली। इसके बाद इन गाड़ियों को संबंधित क्षेत्र में जब्ती बनवाया गया है। इन गाड़ियों को अब तभी छोड़ा जाएगा, जब उनके मालिकों से जुर्माना की राशि वसूल की जाएगी।*

# जनप्रतिनिधि की मृत्यु के 7 महीने बाद भी उपचुनाव नहीं, अब आम चुनाव के ठीक पहले की जा रही तैयारी

## बीरगांव नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक-32 में पार्षद का पद सात महीने से खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सहित प्रदेशभर के कई जिलों में नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में वार्ड पार्षद एवं सरपंचों की मृत्यु होने पर आगामी एक-दो महीने के भीतर उपचुनाव होने वाले हैं। इसके लिए छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग ने नामावली तैयार करने के लिए एक माह पहले ही अधिसूचना जारी कर दी है।

इसके तहत नामवली का प्रारंभिक प्रकाशन भी 13 अप्रैल को होना प्रस्तावित है, लेकिन कहीं-कहीं उपचुनाव कराने में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। रायपुर जिले के बीरगांव नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में पार्षद की मृत्यु हुए 7 महीने से अधिक समय हो गया है, लेकिन अब तक यह पद रिक्त है, जबकि किसी भी पार्षद के निधन के बाद 6 महीने के भीतर उपचुनाव कराने का नियम है। ताज्जुब की बात यह है कि बीरगांव नगर निगम में चालू वर्ष में ही आम चुनाव भी होना है। ऐसे में अगर यहां उपचुनाव कराया भी जाता है, तो नवनिर्वाचित पार्षद को वार्ड की सेवा एवं विकास कार्य करने का मौका तक नहीं मिल पाएगा, क्योंकि उपचुनाव होने के एक से डेढ़ महीने के भीतर आम चुनाव की घोषणा होने की संभावना है। इस तरह उपचुनाव में निर्वाचित होने के बाद भी पार्षद केवल डेमो की तरह ही रहेगा।




### 7 महीनों से वार्ड में विकार्य कार्य ठप, लोगों के काम भी अटके

बीरगांव नगर निगम के महात्मा गांधी वार्ड-32 के पार्षद होरीलाल देवांगन का निधन 30 अक्टूबर 2025 को हुआ था। उनके निधन के बाद से इस वार्ड में पार्षद का पद रिक्त है। उपचुनाव नहीं होने के कारण अब तक वार्ड की जनता को नया पार्षद नहीं मिल पाया है, जिसके कारण वार्ड में पिछले सात महीनों से न ही विकास कार्य हो पाए और न ही लोगों के कामकाज हो पा रहे हैं। पार्षद के न रहने से वार्डवासियों को जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, आय, जाति, निवास सर्टिफिकेट बनवाने, आधार कार्ड सुधरवाने में दिक्कत आ रही है। वार्ड में सफाई व पेयजल समस्या होने पर पड़ोसी वार्ड पार्षदों की मदद लेना पड़ रहा है। यही नहीं, छोटे-छोटे कार्यों के लिए वार्डवासियों को नगर पालिका कार्यालय जाना पड़ता है। इस पद को भरने के लिए 7 सात महीने के बाद ध्यान दिया गया है।

### नवंबर-दिसंबर माह में होना है बीरगांव निगम का आम चुनाव

बीरगांव नगर निगम के सभी 40 वार्डों में पार्षद पदों के लिए वर्ष 2021 में चुनाव हुआ था, वहीं चालू वर्ष 2026 के अंतिम महीनों में नवंबर-दिसंबर में यहां आम चुनाव होना है। आम चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग लगभग 6 महीने पहले से तैयारियों में जुट जाता है। इसमें सबसे पहले नामावली का प्रारंभिक और अंतिम प्रकाशन का कार्य होता है। इसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि जून या जुलाई माह में आम चुनाव की घोषणा हो सकती है। इस तरह आम चुनाव के ठीक पहले आनन-फानन में उपचुनाव की तैयारी की जा रही है।

### चुनाव में कम उम्मीदवार होंगे खड़ा, खर्च भी कम करेंगे?

उपचुनाव के बाद आम चुनाव होना है। इसे देखते हुए उपचुनाव में बहुत कम प्रत्याशियों के मैदान में उतरने की संभावना है। भाजपा, कांग्रेस के अलावा और अन्य राजनैतिक दल या निर्दलीय तौर पर प्रत्याशी नहीं के बराबर चुनाव लड़ सकते हैं। निर्वाचित पार्षद को एक-डेढ़ महीने का समय मिलेगा यह सोचकर चुनाव में जो प्रत्याशी खड़े होंगे। वे चुनाव में अपने प्रचार-प्रसार में राशि भी कम खर्च करेंगे। सूत्रों के अनुसार चुनाव में राष्ट्रीय स्तर की पार्टी भी अपने प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के लिए फंड जारी करती है, लेकिन आम चुनाव को देखते हुए यह फंड जारी करने की संभावना भी कम है।

### 13 को प्रारंभिक प्रकाशन

बीरगांव नगर निगम के वार्ड 32 में उपचुनाव होना है। इसके लिए नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को तथा अंतिम प्रकाशन 5 मई को होगा। इसके बाद चुनाव की तारीख की घोषणा सहित प्रक्रिया शुरू होगी।

- नवीन कुमार ठाकुर
जिला उपनिर्वाचन अधिकारी रायपुर

## खबर संक्षेप



### भिन्सरा भाजपा के सह-कार्यालय मंत्री

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मखमूर ईकबाल खान एवं जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर की अनुशंसा से अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जिशान सिद्दीकी ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिलापदाधिकारी की घोषणा की। नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची में 42 लोगों का नाम शामिल है। वहीं सूची में युवा नेता मो. साजिद भिन्सरा को अल्पसंख्यक मोर्चा का सह-कार्यालय मंत्री बनाया गया है। मो. साजिद लंबे समय समय से भाजपा पार्टी से जुडक़र लोकसभा, विधानसभा एवं पार्षद चुनाव एवं अन्य संगठन के कार्यक्रमों में पार्टी का कार्य कर रहे है।

### प्रोजेक्ट धड़कन में अब तक 94 हजार की जांच

रायपुर। हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान करने चलाए जा रहे प्रोजेक्ट धड़कन के तहत अब तक जिले में में 94 हजार से ज्यादा बच्चों की जांच हो चुकी है। योजना के तहत जिलेभर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें से 14 बच्चों का जरूरी इलाज और 18 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। ऐसे बच्चों की तलाश में शुक्रवार को विभिन्न टीम ने अलग-अलग स्कूलों में जाकर कुल 924 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई। अभियान के दौरान बच्चों की शारीरिक जांच और कमजोरी अथवा अन्य शिकायत मिलने पर पारिवारिक काउंसिलिंग और आवश्यकता के अनुसार अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है।

### विश्व सेवा दिवस पर खोला गया प्याऊघर

**रायपुर।** आशाराम बापू के 90 वां अवतरण दिवस विश्व सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्व धर्म मंदिर क़े सामने शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ महापौर मीनल चौबे ने किया। इस दौरान वहां आरती प्रार्थना कर प्रसादी वितरण किया गया। वर्तमान में शहर के विभिन्न 5 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र चलाये जा रहे है वहीं रेल्वे स्टेशन क़े प्लेट फार्म नम्बर 1,2-3 व 5-6 मे निशुल्क अस्थाई प्याऊ चल रहे हैं।

## संवाद सम्मेलन 'छत्तीसगढ़ कॉमन्स क्विनिंग' का समापन

# प्रकृति में जनजातियों की अटूट आस्था, देवी-देवताओं के वास से जल जंगल का हो रहा संरक्षण व संवर्धन : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि देश के लगभग सभी राज्यों में जनजातीय समुदाय के लोग निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 10 करोड़ से अधिक जनजातीय समुदाय हैं। उन्होंने कहा कि जनजातियों का जल, जंगल, जमीन, नदी-नालों और पहाड़ों में अटूट आस्था है। जनजातीय समुदाय पेड़ पौधों, नदी-नालों में देवी-देवताओं का वास मानते हैं और इन्ही संस्कृति और परंपराओं के कारण वनवासी समुदाय प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में पहले पायदान पर है।

मंत्री श्री नेताम ने शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य-स्तरीय संवाद सम्मेलन 'छत्तीसगढ़ कॉमन्स क्विनिंग' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गहन मंथन हुआ है। इस मंथन में जो भी तथ्य निकलकर आएंगे उसकी उपयोगिता नीति निर्माण और जनहित में कैसी होगी इसके लिए हमारी सरकार तत्परता के साथ काम करेगी।



### जंगल, चारागाह और जल निकाय 70 लाख एकड़

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि इन दो दिनों तक चले अधिवेशन में छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के 300 से अधिक प्रतिभागियों, नीति विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और ग्राम प्रमुखों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र राज्य की 70 लाख एकड़ 'कॉमन्स' भूमि (जंगल, चारागाह और जल निकाय) रही, जो ग्रामीण और जनजातीय आबादी की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना, धरतीआबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, नियद नेल्ला नार जैसे विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों एवं जनजातीय समुदाय के सम्पूर्ण विकास के साथ ही प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में काम कर रहे हैं। आगे भी सामुदायिक सहयोग से बेहतर दिशा में काम किया जाएगा।

### वनों के बिन जैव विविधता की रक्षा नहीं

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वी. श्रीनिवास राव ने जोर दिया कि सामुदायिक सहयोग के बिना विशाल वनों और जैव विविधता की रक्षा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की वन नीतियां प्रतिबंधात्मक नहीं, बल्कि विनियामक हैं।मनरेगा आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा ने कहा कि जल संरक्षण जनजातीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से वंचित समुदायों को जल प्रबंधन में जोड़ने पर बल दिया। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने रेखांकित किया कि जल संरक्षण कोई 'रॉकेट साइंस' नहीं है, बल्कि यह सदियों के अनुभव से उपजा सामुदायिक ज्ञान है।

### टास्क फोर्स का होगा गठन

मंत्री श्री नेताम कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समुदायों के विभिन्न समस्याओं और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन करने जा रही है। इस टास्क फोर्स की संवेदनशीलता और महत्व को देखते हुए इसकी कमान स्वयं मुख्यमंत्री संभालेंगे, जो इसके अध्यक्ष होंगे। नीतिगत निर्णयों के धरातल पर प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को मिलाकर एक विशेष कार्यान्वयन समिति भी बनाई जाएगी, जो बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगी ।

### पेसा- वनाधिकार कानून के बीच होगा समन्वय

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि यह टास्क फोर्स विशेष रूप से पेसा और वनाधिकार अधिनियम के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत में जनजातीय बोली, भाषा, सामुदायिक नेतृत्व समृद्ध है। जल, जंगल, जमीन के संरक्षण व संवर्धन में इन जनजातियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति उनके ज्ञान, उनका उद्धेश्य, जल जंगल से जुड़े हुए हैं। उनका रिश्ता प्रकृति से है। वे प्रकृति को मां के रूप में, देवता के रूप में पूजते हैं। उनके दैनिक क्रियाकलापों से लेकर मृत्यु तक के उत्सव प्रकृति के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती है।

### ये हुए शामिल

सम्मेलन में नेल्सन मंडेला पुरस्कार विजेता श्री शेर सिंह आंचला, पद्म श्री पांडी राम मंडावी, पद्मश्री जागेश्वर यादव और गौर मारिया कलाकार लक्ष्मी सोरी, इंदु नेताम ने भी अपने अनुभव साझा किए और संसाधनों के संरक्षण की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर संचालक संजय गौड़, टीआरटीआई की संयुक्त संचालक गायत्री नेताम की विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम आदिम जाति विकास विभाग, टीआरटीआई और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी द्वारा प्रॉमिस ऑफ कॉमन्स पहल के तहत संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इसमें यूएनडीपीए आईआईटी-भिलाई, बीआरएलएफ, एक्सिस बैंक फाउंडेशन और अन्य प्रमुख संस्थान सहयोगी रहे।

### विज्ञापन होर्डिंग्स बोर्ड पर हवा में लटक रहे पोस्टर के फटे टुकड़े दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के घड़ी चौक के पास सबसे ऊंचे विज्ञापन होर्डिंग्स बोर्ड पर हवा में लटक-उड़ रहे पोस्टर के फटे टुकड़े कभी भी छोटी-बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। ये फटे टुकड़े कभी भी इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियों पर या वाहन चालक पर गिर सकते हैं, जिसके कारण गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो सकती हैं। इससे जान-माल का नुकसान होने की आशंका है।

कलेक्टोरेट परिसर की सड़क से लगे गार्डन में कॉर्नर के पास विशाल विज्ञापन होर्डिंग्स लगा हुआ है। इस होर्डिंग्स में लगे पोस्टर के तेज हवा के कारण चिथड़े उड़ चुके हैं, जिससे पोस्टर के कई टुकड़े होर्डिंग्स बोर्ड पर हवा में लटक-उड़ रहे हैं। हवा में लटक-उड़ रहे पोस्टर के ये टुकड़े अब दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। शास्त्री चौक से अंबेडकर चौक तथा जेल रोड जाने वाला मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। इस मार्ग पर हर दिन लाखों गाड़ियां गुजरती हैं, जिसमें दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया, माल वाहक से लेकर यात्री बसें तक शामिल हैं। अगर ये फटे पोस्टर किसी दोपहिया वाहन सवार के चालक पर या अन्य किसी वाहन के ड्राइविंग साइड वाले कांच पर आकर गिर जाए, तो इससे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है, जिसके कारण जान और माल का नुकसान भी हो सकता है।

## लता बोलीं- शक्ति संचार का माध्यम बनेगा महिला आरक्षण विधेयक

### महिलाओं में आएगा नया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अप्रैल को लोकसभा के पटल पर महिला आरक्षण बिल लेकर आ रहे हैं, जो महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में अहम कदम है और इससे महिलाओं के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। सुश्री उसेंडी ने कहा, सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वन्दन अधिनियम पारित किया गया। 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाने की योजना इस बिल के माध्यम से लागू की जाएगी। इस बिल के पारित होते ही महिलाओं को जनप्रतिनिधि के तौर पर 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सुश्री उसेंडी ने कहा, प्रदेश में 2003 में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी और तब से लेकर आज तक प्रदेश में भाजपा सरकार ने महिला सशक्तीकरण की मिसाल प्रस्तुत की है। भाजपा की सरकार ने सर्वप्रथम महिलाओं को राशन कार्ड के माध्यम से घर की मुखिया के रूप में महत्वपूर्ण स्थान दिया। छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है। प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना के जरिए मोदी की गारंटी के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए देकर उनको आर्थिक रूप से संबल प्रदान कर रही है।



## भाजपा की राष्ट्रीय बैठक में प्रशिक्षण महाअभियान की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन ने पहली बार देश के राज्यों के अध्यक्षों के साथ ही राज्यों के भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ दिल्ली में शुक्रवार को बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के राज्यों में चल रहे प्रशिक्षण महाभियान पर चर्चा की गई। इसी के साथ आने वाले समय में संगठन के होने वाले कार्यक्रम के बारे में सभी राज्यों को जानकारी देकर कार्यक्रमों को करने के लिए कहा गया। छत्तीसगढ़ से बैठक में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में प्रशिक्षण अभियान के बारे में बताया गया कि यहां पर यह अभियान किस तरह से चल रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवीन ने इस दौरान पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मण्डलस्तरीय कार्यों एवं बैठकों पर भी चर्चा की। बैठक में आगामी कार्य योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवीन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में श्री नवीन का अभिनंदन भी किया गया। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय, अवधेश जैन एवं प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय सहित अभियान के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### अब जिलों में चलेगा प्रशिक्षण अभियान

*प्रदेश में प्रशिक्षण अभियान मंडल स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। इसके बारे में भी बैठक में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश के सभी 479 मंडलों में प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि किस मंडल में कितने लोग पहुंचे थे और वहां पर किन लोगों ने प्रशिक्षण दिया। मंडलों की पूरी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश के पदाधिकारियों ने दी। अब मंडलों के बाद प्रदेश के जिलों में प्रशिक्षण अभियान चलेगा। यह अभियान 17 अप्रैल के बाद प्रारंभ होगा। उल्लेखनीय है भाजपा का संगठन बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक बदला है। ऐसे में राज्यों के बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जो भी नए पदाधिकारी बने हैं, उनको भाजपा की रीति-नीति के साथ कामकाज के बारे में बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है।*

### कांग्रेस बोली- आत्मानंद स्कूलों में फीस वसूलने का निर्णय गलत

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार द्वारा आत्मानंद स्कूलों में बच्चों से सालाना फीस वसूलने के निर्णय का कांग्रेस विरोध करती है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रदेश के गरीब एवं ऐसे लोग जो अपने बच्चों को प्राइवेट अंग्रेजी स्कूलों में नहीं पढ़ा सकते, उनके लिए अंग्रेजी माध्यम का आत्मानंद स्कूल शुरू किया था। दुर्भाग्यजनक है कि भाजपा सरकार आत्मानंद स्कूलों में भी बच्चों से फीस वसूलने जा रही है। श्री शुक्ला ने कहा, कांग्रेस सरकार ने प्रदेशभर में लगभग 750 आत्मानंद स्कूल शुरू किये थे।




## स्वास्थ्य मंत्री की मौजूदगी में स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# जोखिम की पहचान कर सही समय पर रेफर करना महत्वपूर्ण मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक मामले की हो रिपोर्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रसव के दौरान जोखिम वाले प्रकरणों की पहचान कर हायर सेंटरों में रेफर करना महत्वपूर्ण होता है। इस प्रक्रिया के दौरान चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन को मरीज के सतत संपर्क में होना आवश्यक है। इसी तरह मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग की जानी चाहिए। डेटा विश्लेषण के माध्यम से मृत्यु के कारणों का पता लगाकर इसमें सुधार किया जा सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति, गुणवत्ता और प्रभावशीलता का समग्र आकलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में शुक्रवार को सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियो की एक दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निर्देशित किया कि रेफरल प्रक्रिया के दौरान संबंधित चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन प्रसूता एवं शिशु के डिस्चार्ज तक सतत संपर्क में रहे तथा सभी आवश्यक उपचार एवं सुविधाएं सुनिश्चित करे। बैठक का संचालन करते हुए सचिव अमित कटारिया ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष बल दिया गया, ताकि हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं सरल जानकारी पहुँच सके और योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टीबी एवं मलेरिया मुक्त बनाना, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर सुधार लाना तथा प्रत्येक नागरिक को सुलभ, किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### गर्मी से निपटने तैयारी

समीक्षा बैठक के दौरान सभी जिलों आने वाले गर्मी से निपटने के लिए जरूरत के हिसाब से तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की सुविधा के लिए ठंडा पानी, पर्याप्त बैठक और जरूरी दवाईयों की व्यवस्था की जाए। जिला अस्पतालों में लू के मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाने और उनके इलाज के अनुसार व्यवस्था जुटाने के निर्देश दिए।

### दवा की क्वालिटी सुधारने पर बल

समीक्षा के दौरान मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए दवा की क्वालिटी सुधारने पर बल दिया गया। इस दौरान डाक्टरों को भी इस बात की कड़ी हिदायत दी गई है कि वे प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराए। साथ ही आवश्यक जांच के लिए मरीज आवश्यक जांच संस्थागत स्तर पर जुटाई जाए ताकी उन्हें इधर-उधर भटकना ना पड़े।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आज होगी

**कूंरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बूथ कमेटी गठन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नगर पंचायत कुराँ, साहू भवन में होगी। बैठक में जिला ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे और रायपुर ग्रामीण प्रभारी विनोद चंद्राकर शामिल होंगे।

### भाजपा ने ग्राम परसदा में स्वच्छता अभियान चलाया

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'गांव चलो अभियान' के तहत ग्राम परसदा में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान शीतला मंदिर परिसर एवं तालाब घाटों की साफ-सफाई की गई और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नेहरू लाल साहू ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव से ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने अंत्योदय के सिद्धांत पर सरकार के कार्यों को रेखांकित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर हितग्राहियों से मुलाकात की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेहरू लाल साहू, जगदीश चंद्र साहू, लक्ष्मण निषाद, हुलास साहू, पूर्णिमा साहू, विजय कुमार, नरेंद्र साहू, विक्रम साहू, राजेश बया, लाल साहू, गणेश्वर साहू, विजय ध्रुव, दुरेंद्र, हुलास निषाद, अशोक साहू, तुकेश बया, योगेश्वर साहू, गोवर्धन निषाद, लहारमन निषाद, केशव निषाद, देवश्री साहू, ओमेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### खौली में कल से राज्य स्तरीय रामायण स्पर्धा

**आरंग।** नवा अंजोर मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी खौली के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 12, 13 एवं 14 अप्रैल को किया गया है, जिसमें अंचल की ख्याति प्राप्त 21 रामायण मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में पुरुष वर्ग की मानस मंडलियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा इसी प्रकार महिला वर्ग की मानस मंडलियों को भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार ग्राम खौली के उपसरपंच श्रीमान मुकेश चंद्राकर द्वारा प्रदान किए जाएंगे। नवा अंजोर मानस मंडली के व्याख्याकार राजेंद्र चंद्राकर एवं संचालक भागी चंद्राकर के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न होगा। मंच संयोजन हीरालाल साहू, अशोक साहू, नारायण वर्मा, दुखु निषाद एवं टोकेश साहू द्वारा किया गया है।

# सिलतरा अंडर ब्रिज में रोज लगता है जाम, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

## विधायक पर ध्यान नहीं देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

जिला रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के धरसींवा विधानसभा अंतर्गत सिलतरा अंडर ब्रिज पर भाजपा शासन की पूरी तरह लापरवाह ट्रैफिक व्यवस्था के कारण एक भी ट्रैफिक पुलिस नहीं होने से रोजाना घंटों लंबा ट्रकों का जाम लग रहा है। आम जनता, स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और स्थानीय व्यापारी इस जाम में फंसकर बुरी तरह परेशान और हलकान हो रहे हैं। कांग्रेस ने विधायक अनुज शर्मा पर समस्याओं को अनदेखी करने का आरोप लगाया और आर्केस्ट्रा आदि मनोरंजन कार्यक्रमों में व्यस्त रहने की बात कही।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा ने इस जनसमस्या पर भाजपा सरकार को घेरते हुए संयुक्त रूप से आंदोलन करने का फैसला लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के अध्यक्ष श्री आशीष वर्मा कांग्रेस मांढर मंडल के अध्यक्ष प्रमोद नायक ने संयुक्त बयान में कहा भाजपा सरकार में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में पूरी तरह सुस्ती छाई हुई है। सिलतरा अंडर ब्रिज पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तक नहीं की गई है, जिससे जनता को रोजाना घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, लोगों का समय बर्बाद हो रहा है और आर्थिक नुकसान हो रहा है। लेकिन हमारे क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा जी इस समस्या की ओर ध्यान देने की बजाय अपने आर्केस्ट्रा प्रोग्राम और मनोरंजन में व्यस्त रहते हैं।


फाइल फोटो

### आंदोलन की चेतावनी

जनता हलकान है, परेशान है, लेकिन भाजपा के लोग मस्त हैं। यह जनता के साथ मजाक है। उन्होंने आगे कहा, हमारी मांग है कि भाजपा सरकार तत्काल सिलतरा अंडर ब्रिज पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस बल तैनात करे, भारी वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही पर रोक लगाए और जाम की समस्या का स्थायी समाधान निकाले। यदि इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा द्वारा बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## योजना : नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू ने बांटे आवास स्वीकृति पत्र

# कूंरा के 135 परिवारों के पक्के मकान का सपना होगा साकार, मिला स्वीकृति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

नगर पंचायत कुँवरगढ़-कुंरा के विकास और जन-कल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद साहू ने क्षेत्र के 135 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की बड़ी सौगात दी है। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गोविंद साहू ने स्वयं उपस्थित होकर पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस घोषणा के साथ ही पूरे नगर में उत्साह और हर्ष का माहौल व्याप्त है। लंबे समय से कच्चे घरों और झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे उन परिवारों की आंखों में खुशी के आंसू और चेहरे पर मुस्कान देखी गई, जिनका अपना पक्का मकान होने का सपना अब हकीकत में बदलने जा रहा है।



**किस्तों में मिलेगी 2.50 लाख रुपये की सहायता :** योजना की कार्यप्रणाली और वित्तीय सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी साझा करते हुए नगर अध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया कि चयनित प्रत्येक हितग्राही को उनका सपनों का आशियाना बनाने के लिए कुल 2,50,000 रुपये (ढाई लाख रुपये) की सीधी आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की पारदर्शिता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए इस राशि का वितरण पांच व्यवस्थित चरणों में किया जाएगा। योजना के प्रारूप के अनुसार, निर्माण की शुरुआत और नींव डालने हेतु प्रथम किस्त के रूप में 63,000 रुपये की राशि जारी की जाएगी। जैसे-जैसे निर्माण कार्य आगे बढ़ेगा, द्वितीय किस्त के रूप में 87,000 रुपये, तृतीय किस्त के रूप में 65,000 रुपये और चौथी किस्त के रूप में 35,000 रुपये सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए जाएंगे।

**गृह प्रवेश के लिए मिलेगी अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि :** श्री साहू ने शासन की मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल दीवारें खड़ी करना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाना प्रदान करना है। इसी विजन को ध्यान में रखते हुए, मकान का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात 'गृह प्रवेश योजना' के अंतर्गत हितग्राहियों को अतिरिक्त 32,000 रुपये की राशि भी प्रदान की जाएगी। यह राशि परिवारों को उनके नए घर में ससम्मान प्रवेश करने और शुरुआती जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी।

### अब तक 328 परिवारों को मिल चुका है लाभ

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गोविंद साहू ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि वर्तमान कार्यकाल में अब तक कुल 328 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने दोहराया कि नगर पंचायत प्रशासन हर उस पात्र व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो समाज की मुख्यधारा से पीछे छूट गए हैं।हितग्राहियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने आग्रह किया कि वे शासन से प्राप्त होने वाली इस राशि का उपयोग पूरी ईमानदारी और गुणवत्ता के साथ मकान बनाने में करें। उन्होंने जोर दिया कि मकान ऐसा बने जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत और टिकाऊ हो। आवास स्वीकृति पत्र पाकर नगर वासियों ने अध्यक्ष गोविंद साहू और स्थानीय प्रशासन के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। इस विशेष अवसर पर नगर पंचायत के विभिन्न जन-प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और विभाग के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दस लाख से बनेगा सामुदायिक भवन, पार्षद ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्युज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नगर पलिका के वार्ड 21 में 10 लाख रुपये की लागत से इसाई समुदाय के लिए बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का पार्षद रानी सौरभ जैन ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर नगर पालिका के सभापति राजकुमार गेंडरे,सभापति संतोष यदु ,द राइट रेव्ह. सुषमा कुमार जी (बिशप डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़)*सचिव श्री नितिन लॉरेंस जी (डायोसिस ऑफ़ छत्तीसगढ़)पार्षद श्री दिनेश साहू भाजपा उपाध्यक्ष तिल्दा मंडल श्री सौरभ जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।लंबे समय से समाज के लोगों को अपने सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उचित स्थान की आवश्यकता थी, जो विधायक निधि से पूरा अब पूरा होगा। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यएवं पार्षद रानी जैन ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा से सामुदायिक भवन बनाने के लिए मांग की गई थी जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए 10 लख रुपए की घोषणा की थी। आज सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया है और जल्द ही भवन बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने उपस्थित क्रिश्चियन समाज के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि भवन का सभी लोगों के काम के लिए मिलजुल कर उपयोग करें यह भवन समाज के कार्यक्रम बैठक शादी विवाह अन्य आयोजन के लिए बहुत काम आएगा। कार्यक्रम में अनीश ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा रेव्ह सुबोध कुमार, रेव्ह प्रमेंद्र सिंह,एम डी बेक (सचिव), रेव्ह जितेन्द्र मसीह, रेव्ह वेसली वानी, डॉ यू सुना, रेव्ह अमन वानी, एम गुडे, सुनील लाल, माइकल जयंती, बलविंदर सिंह, हिमांशु लाल, डॉ प्रिंशा लाल, श्रीमती पी सिंह, श्रीमती ए एम बेक, श्रीमती अल्पना सिंह, श्रीमती के नायक, श्रीमती मार्था जयंती, श्रीमती शालिनी लाल, श्रीमती जे बी लाल, श्रीमती वाय साइमन, श्री अरूण लाल, श्री आशीष सोना एवं समस्त वार्ड वासी शामिल हूए।

# रेत व फर्सी का अवैध उत्खनन और परिवहन, 13 वाहन जब्त

**अभनपुर।** कलेक्टर रायपुर के निर्देश पर खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। उप संचालक (खनिज प्रशासन) राजेश मालवे के मार्गदर्शन में 9 और 10 अप्रैल 2026 की रात्रिकालीन जांच के दौरान कुल 13 वाहनों (12 रेत और 1 फर्सी पत्थर) को खनिज सहित जब्त किया गया। इन वाहनों को थानों के सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में जिन वाहन मालिकों के नाम सामने आए हैं, उनमें मनीष साहू (पारागांव), सिंहा (फिंगेश्वर), नागेश्वर साहू, बसर खान (आहीवारा), बंटी साहू (टिकरापारा रायपुर), साहू (नवागांव नवापारा), भगवती ट्रेडर्स (मेघा धमतरी), रौनक जैन (लालपुर रायपुर), कंवलजीत सिंह (कवर्धा), तेजराम वर्मा (सिमगा), पंकज यदु (कोटा तिल्दा), हंसूराम साहू (सहसपुर लोहारा) और हरीश निर्मलकर (बिरकोनी महासमुंद) प्रमुख हैं। विभाग द्वारा इसके कुछ दिन पहले भी लगभग 15 वाहनों (9 रेत, 3 चूना पत्थर, 2 मिट्टी, 1 मुरूम) पर कार्रवाई करते हुए बिना रॉयल्टी पाए जाने पर उनसे समझौता राशि जमा कराई गई थी। पिछले एक सप्ताह में कुल 28 वाहनों पर कार्रवाई कर करीब 8 लाख रुपये की अर्थदंड राशि वसूल की जा रही है। इसके अलावा 3 अप्रैल 2026 को ग्राम डंगनिया और जौदी जौदा में अवैध रेत भंडारण की जांच ग्राम प्रमुख, सरपंच, उपसरपंच और कोटवार की उपस्थिति में की गई।

## पेज 11 के शेष

### सब्जी मंडियों में चेन ...

और उनसे जुड़े लोग आदतन चेन स्नैचिंग करने वाले अपराधी हैं। आरोपी ज्यादातर बुजुर्ग महिलाओं के साथ चेन स्नैचिंग करते थे। चेन स्नैचिंग करने शातिर भीड़ वाले बाजार के साथ सब्जी मंडी को सुरक्षित जगह मान कर चेन स्नैचिंग करते थे। आरोपियों से पूछताछ करने पुलिस ने कोर्ट से पुलिस रिमांड हासिल की है।

चेन स्नैचिंग के आरोप में इनकी गिरफ्तारी

महाराष्ट्र, जलगांव
उज्वाला हातागले
मध्यप्रदेश, इंदौर
संध्या सकटे
सोनिया हातागले
साखरा बाई
ज्योति सकटे
सरिता ज्वरे
सपना हातागले
अभय हातागले

### सामान्य सभा में प्रस्ताव-नहीं ...

मॉल पर प्रदर्शन शुल्क 200 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए प्रति शो करने का प्रस्ताव पास किया गया। मीना बाजार, प्रदर्शनी, उद्योग मेला, व्यापार मेला के आयोजन पर 10 हजार वर्गफीट तक भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा।

### शहर में लगेंगी वीर सावरकर...

वार्ड 15 के मारुति मंगलम से दही हांडी मार्ग का नामकरण महेश पथ करने का निर्णय लिया गया है। शंकर नगर उद्यान में मेजर यशवंत गोरे की मूर्ति और शंकर नगर उद्यान में मेजर सत्य प्रदीप दत्ता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### फाइनेंस की गाड़ी का नाम ...

शोभाराम वीर सिंह से फाइनेंस कंपनी की गाड़ी का नाम ट्रांसफर कराने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। असिस्टेंट प्रोग्रामर ने नाम ट्रांसफर करने के बदले 18 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। शोभाराम पूर्व में वीर सिंह से तीन हजार रुपए ले चुका था। इसके बाद दोनों के बीच नाम ट्रांसफर करने के एवज में और 14 हजार रुपए देने डील हुई। शोभा राम को वीर सिंह ने जैसे ही 14 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर दिया, मौके पर उपस्थित एसीबी की टीम ने नोट के बंडल जब्त कर शोभा राम के हाथ को पानी से धोकर रिश्वत लेने की पुष्टि करते हुए उसे गिरफ्तार किया और अपने साथ एसीबी कार्यालय लेकर गई।

### रात में निकली खनिज ...

हरिभूमि ने इस खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। इस खबर का असर भी देखा गया। खनिज विभाग की टीम ने गुरुवार की रात को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करते हुए 13 हाईवा वाहन को पकड़ा है। इनमें 12 वाहन में रेत तथा 1 वाहन में फर्शीपत्थर भरा हुआ था। इनमें से आधी से ज्यादा गाड़ियां दूसरे जिलों की हैं।

### जब्त वाहन में...

जुर्माना वसूल किया जाएगा। जब्त किए गए वाहन के मालिकों के नाम इस प्रकार हैं- मनीष साहू पारागांव, गोल्डी सिन्हा फिंगेश्वर, नागेश्वर साहू, बसर खान अहिवारा, बंटी साहू टिकरापारा रायपुर, पूर्णानंद साहू नवागांव नवापारा, भगवती ट्रेडर्स मेघा धमतरी, रौनक जैन लालपुर रायपुर, कंवलजीत सिंह कवर्धा, तेजराम वर्मा सिमगा, पंकज यदु कोटा तिल्दा, हंसूराम साहू सहसपुर लोहारा एवं हरीश निर्मलकर बिरकोनी महासमुंद है।

### सप्ताहभर पूर्व 15...

उनके मालिकों से कुल 8 लाख रुपए समझौता राशि के रूप में जुर्माना वसूल किया जाना है। अफसरों का कहना है कि समझौता राशि जमा नहीं करने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रात में निरीक्षण करने निकली टीम में प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज, खनिज सिपाही जितेंद्र केसरवानी, रिजवान, लिलेश्वर मानिकपुरी, रामकुमार वर्मा तथा पायलट छबिलाल साहू शामिल रहे।

# सीईओ ने सचिवों की बैठक में समर्थ पोर्टल पर कसी नकेल

**धरसीवां।** ग्रामीण विकास योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन और वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत धरसीवां के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) आशीष केसरवानी ने की, जिसमें क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य रही। बैठक के दौरान ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों, 'समर्थ' पोर्टल की प्रविष्टि और 'ग्राम संपदा' योजना सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के मुख्य एजेंडे में पंचायतों के डिजिटल सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय से पहुंचे जिला परियोजना प्रबंधक पंकज यादव ने सचिवों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने 'समर्थ' पोर्टल के प्रभावी उपयोग और 'पंचायत एडवांस इंडेक्स' के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पंचायतों के कामकाज में आधुनिक तकनीकी का समावेश करना है, ताकि विकास कार्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग वास्तविक समय पर की जा सके। श्री यादव ने पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान किया और भविष्य में होने वाली त्रुटियों को कम करने के उपाय साझा किए।



समीक्षा के दौरान जनपद सीईओ आशीष केसरवानी ने निर्माण कार्यों की धीमी गति और 'ग्राम संपदा' के डेटा मैनेजमेंट में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी।

सीईओ ने कुछ ग्राम पंचायतों के सचिवों को उनके कार्यक्षेत्र में लक्ष्य प्राप्ति की गति अत्यंत धीमी होने पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि समय-सीमा के भीतर सभी लंबित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए और पोर्टल पर जानकारियों को तत्काल अपडेट किया जाए।

# भाजपा ने बरौदा में चलाया गांव बस्ती चलो अभियान

**सिलयारी।** रायपुर ग्रामीण (धरसीवा)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "गांव बस्ती चलो अभियान" के अंतर्गत धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरौदा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि "गांव बस्ती चलो अभियान" भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र पर कार्य करते हुए गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुन रही है और उनके समाधान के लिए सतत प्रयासरत है।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रितेश गोयल (निर्देशक) आर जी रिआंश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 3413/4136 केटीएम शोरूम के पीछे पंचगोछिया बरईपाली संबलपुर (उड़ीसा) में स्थित है ने प्रयास स्टील प्रोप्राइटर कौशल पॉवर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड (कार्यालय कोलकाता, प्लांट – प्लॉट न. 5–8 सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया फेज– 2, रायपुर के साथ दिनांक 9.10.2025 को एक एसेट परचेज एग्रीमेंट किया गया। मेरे पक्षकार के द्वारा 1,89,00,000/– (एक करोड़ नवासी लाख रुपए) का भुगतान किया जा चुका है जिसमे से कुछ राशि व्यक्तिगत खातों में ली गई है। और सम्पत्ति का हस्तांतरण के संबंध में विवाद चल रहा है। चुकी उक्त जमीन अभी विवादित है। अतः आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता साहूकार बैंक वित्तीय संस्था व अन्य को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विक्रेता से उक्त भूखंड के संदर्भ में किसी प्रकार का सम व्यवहार अर्थात लेनदेन वह खरीदी बिक्री न करे, यदि किसी को आपत्ति हो तो 7 दिनो के भीतर लिखित में मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करें। अन्यथा आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 7.4.2026

प्रसून गोयल
अधिवक्ता
ऑफिस – इंटीट टॉवर, प्रथम तल, होटल आई वी वाई के पास, वल्लभ नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424266081

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश तिवारी एवं कृष्ण नारायण तिवारी दोनों पिता श्री शिव नरेश तिवारी, निवासी मंडी गेट के पास, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता राजेन्द्र महिलांग पिता श्री परसादी महिलांग, निवासी-ग्राम सोनपैरी, पोस्ट गोढी, रायपुर (छ.ग.) के भूमि वाके मौजा ग्राम सोनपैरी, प.ह.नं. 12, रा.नि. मं.-मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि खसरा नंबर 300 रकबा 0.0700 हे., खसरा नंबर 304/2, रकबा 0.0900 हे., खसरा नंबर 305 रकबा 0.1600 हे. खसरा नंबर 310/2 रकबा 0.6300 हे. कुल खसरा 4 कुल रकबा 0.9500 हे. भूमि है को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है एवं इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-10/04/2026

भवदीय
शीलू त्रिपाठी (अधिवक्ता) विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय, पंडरी तराई के पास, काली नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 78798-29708

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश तिवारी एवं कृष्ण नारायण तिवारी दोनों पिता श्री शिव नरेश तिवारी, निवासी मंडी गेट के पास, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता सनुखराम पिता श्री परसादी महिलांग, निवासी-ग्राम सोनपैरी, पोस्ट गोढी, रायपुर (छ.ग.) के भूमि वाके मौजा ग्राम सोनपैरी, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 310/1 रकबा 0. 5900 भूमि है को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है एवं इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-10/04/2026

भवदीय
शीलू त्रिपाठी (अधिवक्ता) विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय, पंडरी तराई के पास, काली नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 78798-29708

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-20 सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

## :: आम सूचना ::

जारी दिनांक 08.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.म. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक/आवेदिका शशिकला दिव्यपाल पिता स्व. श्री के.के.एम. राव निवासी तेलीबांधा द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/192 रकबा 0.0210 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / क/ वाचक/ तहसीलदार/ 2026 रायपुर दिनांक 24.03.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 27.04.2026 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-20 सेरीखेड़ी

## आम सूचना

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भोजदास कोसरे उम्र लगभग 53 वर्ष पिता स्व. विश्राम कोसरे, निवासी वार्ड नं. 102 एन-8, बरसी माना कैम्प, रायपुर (छ.ग.) द्वारा भू-स्वामि रामदयाल महेश्वरी उम्र 66 वर्ष पिता स्व. बिसौहा राम महेश्वरी, रिको रोड मंदिर हसौद बद्रव मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.) उक्त खसरा क्रमशः 1383/1, 1383/3, 1383/4, 1378/3 रकबा क्रमशः 0.1210 हे., 0.0810 हे, 0.1010 हे., 0.2910 हे. को खरीदने का सौदा हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति, दावा, अधिकार या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में प्रमाण सहित मेरे पक्षकार को सूचित करें। अन्यथा यह माना जायेगा की किसी को कोई आपत्ति नही है और क्रय-विक्रय की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 10.04.2026

भवदीय
गजेन्द्र चेलक (अधिवक्ता)
पता रिको सेक्टर-6, भाटापारा, मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.: 9406423137, 7987489272

## :: आम सूचना ::

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर

जारी दिनांक 02/04/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कंचन शर्मा वगैरह पिता/पति स्व. रामप्रकाश शर्मा निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 755/1 रकबा 0.150 हे. का बटांकन दिनांक 13/04/2026 को समय 3.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के कुरूद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

## :: आवश्यक सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, की छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विद्यमान 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसी (तिल्दा), रायपुर से मेसर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम-मढ़ी, तहसीलः तिल्दा हेतु लगभग 11 किलोमीटर 33 के.व्ही. लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह विद्युत् लाइन ग्राम तुलसी, कोनारी, नकटी एवं मढ़ी तहसील- तिल्दा, जिला-रायपुर से होकर गुजरती है।

उपरोक्त उल्लेखित लाइन में नियमित रूप से विद्युत् प्रवाह दिनांक **15-04-2026** या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है की इस विद्युत् लाइन के पास न जावें, खम्भों पर न चढ़ें तथा विद्युत् लाइन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत् लाइन से छेड़छाड़ एवं विद्युत् लाइन को नुकसान पहुँचाना भारतीय विद्युत् अधिनियम 1910, भारतीय विद्युत् आपूर्ति अधिनियम 1956 एवं विद्युत् सुधार अधिनियम 2003 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

(प्रबंधक)
गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड

HEALTH TOWN




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विवाहयोग्य युवाओं का परिचय सम्मेलन राजधानी में कल

**रायपुर।** शहर जिला धोबी समाज द्वारा विवाहयोग्य युवाओं का परिचय सम्मेलन राजधानी के कबीर चौक रामनगर सामुदायिक भवन में रखा गया है। यह आयोजन प्रातः 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, महामंत्री चंद्रहास निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, रायपुर जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर, सहित सामाजिकजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान राजधानी में संगठन का विस्तार, महिलाओं को सामाजिक न्याय में भागीदारी, सामाजिक प्रकरणों का निराकरण समेत कई आयोजन होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर करेंगे। महिला संगठन की अध्यक्ष प्रतिमा निर्मलकर को महिलाओं में समाज के प्रति रुझान के लिए जागृति लाने हेतु सम्मानित किया जाएगा।

## निधन

### प्रकाशचंद बुरड़

**रायपुर।** टैगोर नगर निवासी प्रकाशचंद बुरड़ का 10 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे पंकज एवं पीयूष के पिता थे।



### अरुणकांत अग्रवाल

**रायपुर।** रायगढ़ के प्रतिष्ठित व्यवसायी और 'अपनी रसोई' स्टेशन चौक के संचालक अरुणकांत अग्रवाल (59) का 10 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे निवास स्थान से कयाघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे चार्टर्ड एकाउंटेंट आलोक अग्रवाल एवं मिनी मिरेकल स्कूल के संचालक विवेक अग्रवाल के बड़े भाई तथा सीए अमन अग्रवाल और सुजय अग्रवाल के पिता थे।



# बैटिंग साइट से ऑनलाइन सट्टा, हिस्ट्रीशीटर सहित आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर मंजीत सिंह सहित उसके गैंग से जुड़े आधा दर्जन सटोरियों को गुढ़ियारी पुलिस तथा एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो सटोरियों को गोंदवारा ओवरब्रिज के नीचे सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया तो पूछताछ में उन लोगों ने मंजीत के लिए सट्टा संचालित करने की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने मंजीत तथा उसके अन्य साथियों को अलग-अलग इलाकों से सट्टा संचालित करते गिरफ्तार कर सट्टे की रकम नौ लाख रुपए जब्त की।

सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने मंजीत के साथ राजा साहू, अभय साहू, रोहित, हरीश सकलेचा, आकाश सिन्हा को गिरफ्तार किया है। मंजीत का गिरोह गुढ़ियारी के साथ विधानसभा, खमतराई, उरला सहित गंज थाना क्षेत्र में सक्रिय रूप से सट्टा संचालित कर रहा था। मंजीत सट्टा संचालित करने के साथ ही अन्य लोगों को सट्टा संचालित करने आईडी बेचने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है मंजीत सिंह सट्टा संचालित करने के साथ ही गुढ़ियारी, विधानसभा सहित कई थाना क्षेत्रों में जुए की बड़ी फड़ संचालित करता है।

## सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने जब्त किए नौ लाख

### खुद को बताता था मीडिया कर्मी

मंजीत के खिलाफ गुढ़ियारी थाना में हत्या की कोशिश, मारपीट, जुआ सट्टा संचालित करने के दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। जानकारी के मुताबिक मंजीत सिंह पुलिसिया कार्रवाई से बचने खुद को मीडिया कर्मी बताकर जुआ-सट्टा संचालित कर रहा था। इसके अलावा कार्रवाई करने पर मंजीत पुलिसकर्मियों को अफसरों के साथ पहुंच होने की धौंस दिखाकर उनके ट्रांसफर कराने तक की धमकी देता था।



### जिला बदर की कार्रवाई हो सकती है

मंजीत के खिलाफ पुलिस को क्षेत्र में लगातार सक्रिय होकर जुआ संचालित किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। उसके दो साथियों के पकड़े जाने पर मंजीत तथा उससे जुड़े अन्य पांच जुआरियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस मंजीत के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने मंजीत की क्रिमिनल हिस्ट्री देने के निर्देश दिए हैं।

## रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, पश्चिम बंगाल से आरोपियों की गिरफ्तारी

# साइबर अपराधियों को फर्जी सिम बेचने के आरोप में सात पीएसओ एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रेंज साइबर पुलिस ने आपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर ठगों को फर्जी सिम बेचने के आरोप में सात प्वाइंट ऑफ सेल (पीएसओ) एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से रेंज साइबर पुलिस को 300 से अधिक फर्जी सिम कार्ड तथा उससे जुड़े दस्तावेज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। यह कार्रवाई आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में की गई। पीओएस साइबर ठगी से जुड़े लोगों को मोबाइल कंपनियों के सिम कार्ड जारी करते थे और फर्जी तरीके से अतिरिक्त सिम एक्टिवेट कर उन्हें साइबर अपराधियों को 05 से 10 हजार रुपए में बेचते थे।

■ रेंज साइबर पुलिस की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार माना थाना क्षेत्र में दर्ज प्रकरण में 20.28 लाख रुपए की साइबर ठगी सामने आई थी, जिसमें इंडसइंड बैंक के म्यूल अकाउंट और फर्जी सिम का इस्तेमाल किया गया। वहीं थाना आजाद चौक में दर्ज दूसरे मामले में 6.42 लाख रुपए की ठगी का खुलाशा हुआ है, जिसमें साउथ इंडियन बैंक के खातों और मोबाइल सिम का उपयोग किया गया। दोनों मामलों की जांच रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा की जा रही थी। तकनीकी विश्लेषण, पीड़ितों के बयान और पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर रेंज पुलिस फर्जी सिम बेचने वालों तक पहुंची।




### ऐसे करते थे फर्जी सिम का खेल

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि वे सिम लेने या पोर्ट कराने आने वाले ग्राहकों का ई-केवाईसी करते समय डबल थंब स्कैन और आई ब्लिंक का दुरुपयोग कर अतिरिक्त सिम एक्टिवेट कर लेते थे। जिन ग्राहकों के पास आधार कार्ड की कापी होती थी, उनके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर डी-केवाईसी के जरिये और भी सिम चालू कर देते थे। इन फर्जी सिम को बाद में साइबर अपराधियों को बेच दिया जाता था।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में रायपुर, दुर्ग, बलौदा बाजार और पश्चिम बंगाल के इन सात शातिर सुदीप्त सासमल (भनपुरी), शिवनारायण साहू (बलौदा बाजार), जयंत लहरी (दुर्ग), मनीष आहूजा (रायपुर), सुधीर जैन (रायपुर), कौशल प्रताप सिंह (जामुल, दुर्ग) और विनोद वर्मा (पंडरी, रायपुर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग मोबाइल दुकानों के माध्यम से जियो, एयरटेल और वीआई के सिम कार्ड बेचने का काम करते थे।

# सुदामा प्रेम और परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ भागवत सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गंगा पेट्रोल पंप, शीतला माता देवाला चौक लोहराभाटा नरदहा में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह के सातवें दिन भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथाव्यास आचार्य पं. राजकुमार पांडे महाराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा का ऐसा मार्मिक वर्णन किया कि पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा के दौरान आचार्य पांडे ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता को निष्काम भक्ति और सच्चे प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि सुदामा का द्वारका जाना केवल सहायता मांगने का प्रयास नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास की पराकाष्ठा थी। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा को देखा, वे राजसी वैभव छोड़कर नंगे पांव दौड़ पड़े और अपने बालसखा को गले से लगा लिया। इस प्रसंग के दौरान पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सो पग धोये की व्याख्या सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मुख्य आयोजक पन्नालाल यादव एवं दुलारी बाई यादव ने इस दौरान सुदामा-कृष्ण मिलन की झांकी की विधिवत पूजा-अर्चना की। कथा के उत्तरार्ध में राजा परीक्षित के मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए आचार्य ने बताया कि कैसे महर्षि शुकदेवजी द्वारा सात दिनों तक सुनाई गई अमृतमयी कथा ने राजा के भीतर से मृत्यु के भय को समाप्त कर दिया था। सातवें दिन तक्षक नाग के डसने पर भी वे निर्भय होकर भगवान का स्मरण करते रहे और अंततः मोक्ष को प्राप्त हुए। यह प्रसंग समाज के लिए संदेश है कि सच्ची भक्ति और सत्संग से ही जीवन का उद्धार संभव है। इस सात दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में पन्नालाल यादव एवं दुलारी बाई यादव परिवार की सराहनीय भूमिका रही, जिनके सेवाभाव से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। सात दिनों तक चली इस अमृत ज्ञानगंगा श्रीमद भागवत महापुराण कथा का समापन भव्य महाआरती और विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आचार्य पं. राजकुमार पांडे ने अंत में सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भागवत भगवान आरती सुनने से ही जन्मोजन्मांतर के सारे दुख-दर्द, पीड़ा मिट जाते हैं। भागवत कथा का श्रवण जीवन को सार्थक बनाता है और मनुष्य को सदैव धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भागवत भगवान की शोभायात्रा में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। हर घर-द्वार आंगन में पूजा-आरती कर श्रीफल, वस्त्र, सेरसीधा के साथ भक्तजन धनलक्ष्मी का चढ़ावा भेंट किए।



# जीजा के पैसों से अकेले शराब पी गया, साले की गमछा से गला घोंटकर हत्या

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र के कुम्हारी स्थित ईंट भट्ठे में काम करने वाले दो मजदूरों के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हुआ। एक मजदूर ने दूसरे मजदूर की गमछा से गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक तथा आरोपी रिश्ते में जीजा-साले हैं। बताया जा रहा है, जीजा ने अपने साले को शराब लाने डेढ़ सौ रुपए दिया था। जीजा से प्राप्त पैसे से साला अकेले पूरी शराब पी गया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। घनश्याम यादव की हत्या के आरोप में पुलिस ने गोपी उर्फ गोप सिंह बरिहा को गिरफ्तार किया है। आरोपी तथा मृतक महासमुंद के हैं। आठ अप्रैल को दोनों सिलतरा स्थित शराब भट्ठी में शराब पीने गए थे। इस दौरान गोपी ने घनश्याम को 150 रुपए शराब लाने के लिए दिया। घनश्याम शराब लाने के बाद अपने जीजा को देने के बजाय खुद गटक गया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। दूसरे दिन दोनों खारुन नदी नहाने गए। इसी दौरान घनश्याम शौच के लिए नदी किनारे चला गया, तभी गोपी, घनश्याम के पीछे पहुंचा और धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। गोपी को शक हुआ कि कहीं उसके साले की मौत न हो गई हो, इस डर से उसने अपने गमछे से घनश्याम का गला कस दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



# 11 टंकियों से शाम को नहीं आया पानी, पाइप लाइन लीकेज मरम्मत के लिए 6 घंटे शटडाउन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शुक्रवार को शहर की 11 पानी टंकियों से शाम के समय जल आपूर्ति ठप रही। इससे 2 लाख परिवारों को शाम के समय पीने का पानी का नहीं मिला। नगर निगम के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट की क्लीयर वाटर डीआई राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज मरम्मत के लिए 6 घंटे का शटडाउन रहा, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई। पाइप लाइन लीकेज मरम्मत का काम पचपेड़ी नाका और तेलीबांधा थाना के सामने किया गया।



रायपुर नगर निगम के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट के राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज की वजह से मरम्मत करने शुक्रवार को जल विभाग ने 6 घंटे शटडाउन रखा। इसके कारण शाम के समय शहर के 11 पानी टंकियों में जल आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। इससे लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी,मोवा, सड्डू,दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी,देवपुरी औरजोरा की पानी टंकी प्रभावित रही। मरम्मत का कार्य सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलता रहा। निगम के जल विभाग ने प्रभावित इलाके में पानी टैंकर भेजकर लोगों के लिए वैकिल्पक रूप से पेयजल की व्यवस्था कराई।

## पेज 11 के शेष

### सब्जी मंडियों में चेन...

और उनसे जुड़े लोग आदतन चेन स्नैचिंग करने वाले अपराधी हैं। आरोपी ज्यादातर बुजुर्ग महिलाओं के साथ चेन स्नैचिंग करते थे। चेन स्नैचिंग करने शातिर भीड़ वाले बाजार के साथ सब्जी मंडी को सुरक्षित जगह मान कर चेन स्नैचिंग करते थे। आरोपियों से पूछताछ करने पुलिस ने कोर्ट से पुलिस रिमांड हासिल की है। चेन स्नैचिंग के आरोप में इनकी गिरफ्तारी

- महाराष्ट्र, जलगांव
- उज्वाला हातागले
- मध्यप्रदेश, इंदौर
- संध्या सकटे
- सोनिया हातागले
- साखरा बाई
- ज्योति सकटे
- सरिता ज्वरे
- सपना हातागले
- अभय हातागले

### सामान्य सभा में ...

मॉल पर प्रदर्शन शुल्क 200 रुपए से बढ़ाकर 600 रुपए प्रति शो करने का प्रस्ताव पास किया गया। मीना बाजार, प्रदर्शनी, उद्योग मेला, व्यापार मेला के आयोजन पर 10 हजार वर्गफीट तक भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क लिया जाएगा।

### शहर में लगेंगी वीर...

वार्ड 15 के मारुति मंगलम से दही हांडी मार्ग का नामकरण महेश पथ करने का निर्णय लिया गया है। शंकर नगर उद्यान में मेजर यशवंत गोरे की मूर्ति और शंकर नगर उद्यान में मेजर सत्य प्रदीप दत्ता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### फाइनेंस की गाड़ी ...

शोभाराम वीर सिंह से फाइनेंस कंपनी की गाड़ी का नाम ट्रांसफर कराने के लिए पैसे की मांग कर रहा था। असिस्टेंट प्रोग्रामर ने नाम ट्रांसफर करने के बदले 18 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। शोभाराम पूर्व में वीर सिंह से तीन हजार रुपए ले चुका था। इसके बाद दोनों के बीच नाम ट्रांसफर करने के एवज में और 14 हजार रुपए देने डील हुई। शोभा राम को वीर सिंह ने जैसे ही 14 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर दिया, मौके पर उपस्थित एसीबी की टीम ने नोट के बंडल जब्त कर शोभा राम के हाथ को पानी से धोकर रिश्वत लेने की पुष्टि करते हुए उसे गिरफ्तार किया और अपने साथ एसीबी कार्यालय लेकर गई।

### रात में निकली ...

हरिभूमि ने इस खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। सहसपुर लोहारा एवं हरीश निर्मलकर बिरकोनी महासमुंद है।

### सप्ताहभर पूर्व 15...

उनके मालिकों से कुल 8 लाख रुपए समझौता राशि के रूप में जुर्माना वसूल किया जाना है। अफसरों का कहना है कि समझौता राशि जमा नहीं करने

इस खबर का असर भी देखा गया। खनिज विभाग की टीम ने गुरुवार की रात को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करते हुए 13 हाईवा वाहन को पकड़ा है। इनमें 12 वाहन में रेत तथा 1 वाहन में फर्शीपत्थर भरा हुआ था। इनमें से आधी से ज्यादा गाड़ियां दूसरे जिलों की हैं।

### जब्त वाहन में...

जुर्माना वसूल किया जाएगा। जब्त किए गए वाहन के मालिकों के नाम इस प्रकार हैं- मनीष साहू पारागांव, गोल्डी सिन्हा फिंगेश्वर, नागेश्वर साहू, बसर खान अहिवारा, बंटी साहू टिकरापारा रायपुर, पूर्णानंद साहू नवागांव नवापारा, भगवती ट्रेडर्स मेघा धमतरी, रौनक जैन लालपुर रायपुर, कंवलजीत सिंह कवर्धा, तेजराम वर्मा सिमगा, पंकज यदु कोटा तिल्दा, हंसूराम साहू वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रात में निरीक्षण करने निकली टीम में प्रभारी खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज, खनिज सिपाही जितेंद्र केसरवानी, रिजवान, लिलेश्वर मानिकपुरी, रामकुमार वर्मा तथा पायलट छबिलाल साहू शामिल रहे।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ बड़ौदा की 56वीं शाखा का शुभारंभ, क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने विस्तार कार्यक्रम के तहत दुर्ग क्षेत्र की 56वीं शाखा का शुभारंभ खैरागढ़ में किया। शाखा का उद्‌घाटन कलेक्टर एवं जिला अधिकारी (केसीजी) इंद्रजीत एस. चंद्रवाल तथा रायपुर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख दिवाकर प्रसाद सिंह ने किया। उद्‌घाटन अवसर पर दिवाकर प्रसाद सिंह ने बैंक की उन्नत एवं तकनीक आधारित सेवाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं, युवाओं, किसानों और लघु उद्यमियों के लिए संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैंक की जन-केंद्रित कार्यप्रणाली को रेखांकित किया। क्षेत्रीय प्रमुख अनंत माधव ने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों की सभी बैंकिंग आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वित्तीय समावेशन और बेहतर ग्राहक सेवा को प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय नागरिक व ग्राहक उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन शाखा प्रबंधक नितेश कुमार ने दिया।



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रितेश गोयल (निर्देशक) आर जी रिआंश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट नंबर 3413/4136 केटीएम शोरूम के पीछे पंचगोछिया बरईपाली संबलपुर (उड़ीसा) में स्थित है ने प्रयास स्टील प्रोप्राइटर कौशल पॉवर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड (कार्यालय कोलकाता, प्लांट – प्लॉट न. 5–8 सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया फेज– 2, रायपुर के साथ दिनांक 9.10.2025 को एक एसेट परचेज एग्रीमेंट किया गया। मेरे पक्षकार के द्वारा 1,89,00,000/– (एक करोड़ नवासी लाख रुपए) का भुगतान किया जा चुका है जिसमे से कुछ राशि व्यक्तिगत खातों में ली गई है। और सम्पत्ति का हस्तांतरण के संबंध में विवाद चल रहा है । चुकी उक्त जमीन अभी विवादित है। अतः आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण आम जनता साहूकार बैंक वित्तीय संस्था व अन्य को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विक्रेता से उक्त भूखंड के संदर्भ में किसी प्रकार का सम व्यवहार अर्थात लेनदेन वह खरीदी बिक्री न करे. यदि किसी को आपत्ति हो तो 7 दिनो के भीतर लिखित में मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करें। अन्यथा आप स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

सो सूचना जाने

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 7.4.2026

प्रसून गोयल
अधिवक्ता
ऑफिस – इंटीट टॉवर, प्रथम तल, होटल आई बी वाई के पास, वल्लभ नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. : 9424266081

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश तिवारी एवं कृष्ण नारायण तिवारी दोनों पिता श्री शिव नरेश तिवारी, निवासी मंडी गेट के पास, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता राजेन्द्र महिलांग पिता श्री परसादी महिलांग, निवासी-ग्राम सोनपैरी, पोस्ट गोढी, रायपुर (छ.ग.) के भूमि वाके मौजा ग्राम सोनपैरी, प.ह.नं. 12, रा.नि. मं.-मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि खसरा नंबर 300 रकबा 0.0700 हे., खसरा नंबर 304/2, रकबा 0.0900 हे., खसरा नंबर 305 रकबा 0.1600 हे. खसरा नंबर 310/2 रकबा 0.6300 हे. कुल खसरा 4 कुल रकबा 0.9500 हे. भूमि है को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है एवं इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

**अतः सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 10/04/2026

भवदीय
शीलू त्रिपाठी (अधिवक्ता) विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय, पंडरी तराई के पास, काली नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 78798-29708

## आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री राजेश तिवारी एवं कृष्ण नारायण तिवारी दोनों पिता श्री शिव नरेश तिवारी, निवासी मंडी गेट के पास, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता सनुखराम पिता श्री परसादी महिलांग, निवासी-ग्राम सोनपैरी, पोस्ट गोढी, रायपुर (छ.ग.) के भूमि वाके मौजा ग्राम सोनपैरी, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 310/1 रकबा 0. 5900 भूमि है को क्रय किए जाने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है एवं इकरारनामा का निष्पादन किया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

**अतः सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 10/04/2026

भवदीय
शीलू त्रिपाठी (अधिवक्ता) विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय, पंडरी तराई के पास, काली नगर, रायपुर (छ.ग.) मो. 78798-29708

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-20 सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

## :: आम सूचना ::

जारी दिनांक 08.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टेमरी प.ह.नं. 78 रा.नि.म. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक/आवेदिका शशिकला दिव्यपाल पिता स्व. श्री के.के.एम. राव निवासी तेलीबांधा द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 184/192 रकबा 0.0210 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. / क/ वाचक/ तहसीलदार/ 2026 रायपुर दिनांक 24.03.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 27.04.2026 को समय 12:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-20 सेरीखेड़ी

## आम सूचना

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार भोजदास कोसरे उम्र लगभग 53 वर्ष पिता स्व. विश्राम कोसरे, निवासी वार्ड नं. 102 एन-8, बरसी माना कैम्प, रायपुर (छ.ग.) द्वारा भू-स्वामि रामदयाल महेश्वरी उम्र 66 वर्ष पिता स्व. बिसौहा राम महेश्वरी, रिको रोड मंदिर हसौद बद्रव मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.) उक्त खसरा क्रमशः 1383/1, 1383/3, 1383/4, 1378/3 रकबा क्रमशः 0.1210 हे., 0.0810 हे, 0.1010 हे., 0.2910 हे. को खरीदने का सौदा हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति, दावा, अधिकार या हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में प्रमाण सहित मेरे पक्षकार को सूचित करें। अन्यथा यह माना जायेगा की किसी को कोई आपत्ति नही है और क्रय-विक्रय की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

**सो सूचना जाने**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 10.04.2026

भवदीय
गजेन्द्र चेलक (अधिवक्ता)
पता रिको सेक्टर-6, भाटापारा, मंदिर हसौद, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.: 9406423137, 7987489272

## :: आम सूचना ::

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

जारी दिनांक 02/04/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कंचन शर्मा वगैरह पिता/पति स्व. रामप्रकाश शर्मा निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम कुरूद पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा 755/1 रकबा 0.150 हे. का बटांकन दिनांक 13/04/2026 को समय 3.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 13 के कुरूद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव नही है।

राजस्व निरीक्षक
मंदिर हसौद

## :: आवश्यक सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, की छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विद्यमान 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसी (तिल्दा), रायपुर से मेसर्स गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम-मढ़ी, तहसीलः तिल्दा हेतु लगभग 11 किलोमीटर 33 के.व्ही. लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यह विद्युत् लाइन ग्राम तुलसी, कोनारी, नकटी एवं मढ़ी तहसील- तिल्दा, जिला-रायपुर से होकर गुजरती है।

उपरोक्त उल्लेखित लाइन में नियमित रूप से विद्युत् प्रवाह दिनांक **15-04-2026** या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है की इस विद्युत् लाइन के पास न जावें, खम्भों पर न चढ़ें तथा विद्युत् लाइन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत् लाइन से छेड़छाड़ एवं विद्युत् लाइन को नुकसान पहुँचाना भारतीय विद्युत् अधिनियम 1910, भारतीय विद्युत् आपूर्ति अधिनियम 1956 एवं विद्युत् सुधार अधिनियम 2003 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।

(प्रबंधक)
गौरी गणेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अब तक 11 हजार से अधिक पुस्तकें दान

**रायपुर।** जिले में संचालित स्मृति पुस्तकालय योजना के तहत लोग स्वेच्छा से पुस्तकें और इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट दान कर युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में योगदान दे रहे हैं। इसी क्रम में वेटरनरी विभाग की सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी कु. मोरियम सोनी ने यूपीएससी, सीजीपीएससी व्यापम, जियोलॉजी एवं गणित सहित अन्य विषयों की 150 पुस्तकें जिला प्रशासन को दान की। गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत अब तक 11 हजार पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान किए जा चुके हैं।

### वेंडिंग जोन का नाम पसरा क्षेत्र रखने की मांग

**रायपुर।** डीडी नगर वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी ने वेंडिंग जोन का नाम पसरा क्षेत्र रखने का सुझाव दिया है। वार्ड के गोल चौक, सेवन शाप क्षेत्र में रेहड़ी वालों को इसके माध्यम से व्यवस्थापन देने की मांग रखी। श्री चंद्रवंशी ने रोहणीपुरम तालाब, रिंग रोड क्षेत्र और सेवन शॉप के आसपास ही वेंडिंग जोन बनाकर फुटकर विक्रेताओं के व्यवस्थापन करने का सुझाव दिया। गांधी सदन के सभागार में सामान्य सभा के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के पार्षद ने डीडीनगर, गोल चौक के आसपास निजी खाली प्लाटों में संचालित हो रहे अस्थायी वेंडिंग जोन को किस आधार पर अनुमति प्रदान की गई है, इस पर सवाल उठाए। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की।

# पढ़ाई एमडी-एमएस की, ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर की, नाराज बांडेड डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अतिरिक्त मेहनत कर एमडी-एमएस की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों से स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी कराई जा रही है। बांडेड डाक्टरों का तर्क है कि उनकी पोस्टिंग चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में की गई है, मगर काम एमएमलसी अथवा पोस्टमार्टम का लिया जा रहा है। बालोद और गरियाबंद सहित कई जिलों में अनुबंधित डाक्टरों ने अल्टीमेटम दिया है कि उनसे विशेषज्ञता के आधार पर काम नहीं लिया जाता है, तो ड्यूटी नहीं कर पाएंगे। डाक्टरों ने इसे लेकर सीएमएचओ से आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को ज्ञापन सौंपा है।

डाक्टरों का तर्क है कि हर साल बांड पोस्टिंग के दौरान पीजी डाक्टरों की नियुक्ति चिकित्सा विशेषज्ञ के रूप में की जाती है। इसके हिसाब ने स्वास्थ्य केंद्रों तक आने वाले मरीजों को विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान की जाती हैं, मगर ड्यूटी के दौरान उनसे एमएलसी और पोस्टमार्टम जैसी सेवाएं भी ली जाती हैं। इसे लेकर कई बार पीजी डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। इसे लेकर एक बार फिर कई जिलों में बांडेड पीजी डाक्टरों ने आवाज उठाना शुरू किया है।

बालोद और गरियाबंद के डाक्टरों ने इसे लेकर अपने-अपने स्तर आपत्ति करना भी शुरू कर दिया है। गरियाबंद के डाक्टरों ने आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को ज्ञापन सौंपकर अपनी परेशानी बताई है। उनका तर्क है अनुबंध सेवा के दौरान उनसे विशेषज्ञता के आधार पर सेवा ली गई, तो ठीक अन्यथा वे काम नहीं करेंगे। इसी तरह बालोद के बांडेड डाक्टरों ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपकर कहा, उनसे योग्यता के आधार पर ड्यूटी नहीं ली गई, तो उनके द्वारा असहयोग जैसा कदम उठाया जा सकता है।

## जिलों में अल्टीमेटम, तर्क- पोस्टिंग चिकित्सा विशेषज्ञ की, करा रहे एमएलसी, पोस्टमार्टम

### विशेषज्ञता के आधार पर मिले जिम्मेदारी

सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि पीजी की पढ़ाई के दौरान डाक्टर विषय विशेषज्ञता का ज्ञान हासिल करते हैं। इसलिए बांडेड ड्यूटी के दौरान उनसे विशेषज्ञता के आधार पर काम लेना चाहिए। उनकी पोस्टिंग में उन इलाकों में की जानी चाहिए जहां उनकी जरूरत है। लगातार प्रयास के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।



### सुरक्षित मातृत्व अभियान की ड्यूटी

सरगुजा जिले के बांडेड पीजी डाक्टरों ने सुरक्षित मातृत्व अभियान में ड्यूटी लगाने का विरोध किया है। उनका तर्क है कि उन्हें ना इस बारे में कभी ट्रेनिंग नहीं दी गई है। इसमें डाक्टरों को अलग-अलग तरीके से ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर परिवहन और सफाई व्यवस्था में ड्यूटी लगाई गई है। पीजी डाक्टरों का यह भी तक जिन डाक्टरों ने निश्चेतना की पढ़ाई की है उनसे बीपी-शुगर जैसी जांच कराई जा रही है। इससे उनकी योग्यता का सदुपयोग नहीं हो रहा है।

## लोकल ट्रेनों का परिचालन सीधे तौर पर रहेगा प्रभावित

# बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन बिछाने आज से 18 अप्रैल तक 10 मेमू ट्रेन रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथी लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत बिलासपुर-चांपा सेक्शन के बीच अकलतरा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग और चौथी लाइन कनेक्टिविटी का काम होना है।

रेलवे प्रशासन ने पूर्व निर्धारित कार्य को री-शेड्यूल किया है। अब अकलतरा स्टेशन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग का यह महत्वपूर्ण कार्य 11 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा। यह कार्य भविष्य में यात्री सुविधाओं में विस्तार और ट्रेनों की लेटलतीफी कम करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। हालांकि, ब्लॉक के दौरान निर्माण कार्य के चलते इस रूट की कई यात्री और लोकल ट्रेनों का परिचालन सीधे तौर पर



प्रभावित रहेगा। यात्रियों की सुरक्षा और कार्य को समय पर पूरा करने के लिए रेलवे ने रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा और गेवरा रोड के बीच चलने वाली कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

### ये गाड़ियां रहेंगी रद्द

- बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू (68738/68737): 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक बिलासपुर और रायगढ़ दोनों छोर से रद्द रहेगी।
- बिलासपुर-रायगढ़ मेमू (68736): 11 से 18 अप्रैल तक बिलासपुर से रद्द रहेगी।
- रायगढ़-बिलासपुर मेमू (68735): 12 से 19 अप्रैल तक रायगढ़ से रद्द रहेगी।
- रायपुर-गेवरा रोड मेमू (68746): 11 से 18 अप्रैल तक रायपुर से रद्द रहेगी।
- गेवरा रोड-रायपुर मेमू (68745): 12 से 19 अप्रैल तक गेवरा रोड से रद्द रहेगी।
- रायपुर-कोरबा पैसेंजर (58204): 11 से 18 अप्रैल तक रायपुर से रद्द रहेगी।
- कोरबा-रायपुर पैसेंजर (58203): 12 से 19 अप्रैल तक कोरबा से रद्द रहेगी।
- बिलासपुर-गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू (68734/68733): 11 से 18 अप्रैल तक दोनों छोर से रद्द रहेगी।
- बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर मेमू (68732/68731): 11 से 18 अप्रैल तक दोनों छोर से रद्द रहेगी।
- बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर (58210): 11 से 18 अप्रैल तक बिलासपुर से रद्द रहेगी।

### रायपुर-जबलपुर के बीच सफर होगा आसान, मूक माटी एक्सप्रेस में अब 16 की जगह होंगे 18 कोच

जबलपुर-रायपुर-जबलपुर रूट पर यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए रेलवे प्रशासन ने 11702/11701 मूक माटी एक्सप्रेस में स्थायी रूप से दो अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस निर्णय से यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस बदलाव के बाद ट्रेन में कोच की संख्या 16 से बढ़कर 18 हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, मूक माटी एक्सप्रेस के कोच की संरचना में यह वृद्धि और बदलाव दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहला चरण 13 अप्रैल 2026 से लागू होगा। ट्रेन में 13 अप्रैल से कोच की कुल संख्या 18 हो जाएगी। इस दौरान ट्रेन में 1 वातानुकूलित चेयर कार, 1 द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित, 1 तृतीय श्रेणी वातानुकूलित, 1 द्वितीय श्रेणी शयनयान, 4 द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट, 8 सामान्य/अनारक्षित कोच, 1 दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड और 1 जनरेटर कार शामिल होंगे।

#### दूसरा चरण 14 मई 2026 से लागू

इस चरण में कोच की कुल संख्या 18 ही बनी रहेगी, लेकिन उनके श्रेणी संयोजन में आंशिक संशोधन किया जाएगा। इसके तहत थर्ड एसी का एक कोच बढ़ाया जाएगा और सामान्य/अनारक्षित कोच की संख्या एक कम की जाएगी। 14 मई से ट्रेन में 1 वातानुकूलित चेयर कार, 1 सेकंड एसी , 2 थर्ड एसी, 1 शयनयान, 4 द्वितीय श्रेणी आरक्षित सीट, 7 सामान्य/अनारक्षित कोच, 1 दिव्यांग अनुकूल सह गार्ड और 1 जनरेटर कार होंगे।

# निर्माण सामग्री महंगी होने के बाद ठेकेदारों ने काम बंद करने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने कोर कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

अमेरिका, ईरान सहित खाड़ी के देशों में जारी युद्ध के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ गई हैं, जिसके चलते निर्माण सामग्री की लागत राशि में 20 से 25 प्रतिशत इजाफा हो गया है। इसके चलते ठेकेदारों के सामने दुविधा की स्थिति निर्मित हो गई है। कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने शासन से रेट रिवाइज करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार को राजधानी में हुई। इसमें सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में एसोसिएशन ने काम करने में असमर्थता जताते हुए मुख्यमंत्री सहित निर्माण विभागों के मंत्री, सचिवों, प्रमुख अभियंता और मुख्य अभियंताओं को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। कांट्रेक्टरर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला की अध्यक्षता में यह बैठक चार घंटे तक चली। इसमें सभी जगहों से आए कांट्रेक्टरों ने सड़क, ब्रिज और भवन निर्माण सामग्री में तेजी से हुई बढ़ोतरी पर बिंदुवार चर्चा करते हुए सुझाव रखा।

#### पीक सीजन में ऐसी नौबत आई

*एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अपने जारी बयान में कहा कि कोर कमेटी की बैठक में सभी सरकारी निर्माण कार्यों के ठेकेदारों ने निर्माण पूरा कराने में असमर्थता जताया है। जबकि गर्मी के महीने में ही सड़कों का डामरीकरण कराने का पीक सीजन होता है। ऐसे में डामर का रेट 50 हजार से बढ़कर 84 हजार टन पहुंचने से सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। अभी भी गैस की किल्लत बनी हुई है। इससे टाइल्स कटिंग जैसे काम नहीं हो रहे हैं। वहीं निर्माण विभागों ने जारी टेंडर की तारीखों को भी आगे बढ़ाने का कदम उठाया है।*

#### डामरीकरण के कार्य सबसे अधिक प्रभावित

प्रदेशभर में करोड़ों का टेंडर खराब सड़कों का मरम्मत और डामरीकरण के लिए जारी किए गए हैं। ऐसे में यह काम सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। क्योंकि डामर की किल्लत और टेंडर से 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी बड़ी मुसीबत के रूप में सामने है। लोहा की कीमत बढ़ने से ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का निर्माण पूरा कराने में दिक्कत है। इस स्थिति में राज्य शासन के प्रमुख अधिकारियों को अवगत कराने के बाद निर्माण ठप करने जैसे कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस पर सभी कांट्रेक्टरों ने अपनी सहमति व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

### 2343 छात्र नदारद, नकल प्रकरण शून्य...



**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शुक्रवार को बारहवीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की। इसके पूर्व माशिम 14 मार्च को यह परीक्षा आयोजित कर चुका था। प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना प्राप्त होने पश्चात इसे रद्द कर नवीन समय-सारिणी जारी की गई थी। शुक्रवार को हुई परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 148 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 2.45 लाख से अधिक विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। अनुपस्थित छात्रों की संख्या 2343 रही। पर्चा लीक कांड को देखते हुए माशिम ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। प्रश्नपत्रों के बंडल को प्लास्टिक सिक्योरिटी लॉक चिप से सील गया था। इन्हें केवल यूनिक नंबर से ही खोला जा सकता है।



# 4 श्रम कोड लागू करने की मांग, निगम का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ और प्लेसमेंट कर्मचारी संघ ने 4 श्रम कोड लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को निगम मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान निगम के जोन कार्यालयों और मुख्यालय से बड़ी संख्या में प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों के 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू हुए 4 नए श्रम कोड का लाभ नगर निगम रायपुर के प्लेसमेंट कर्मचारियों को दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से रखी। आंदोलन में शामिल प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारी केवल 11 हजार रुपए के अल्प वेतन पर कार्य कर रहे हैं, जिससे परिवार का भरण-पोषण करने में दिक्कत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में लागू किए गए नवीन श्रम कोड के अंतर्गत श्रमिकों को समुचित वेतन, कार्यस्थल पर सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा पेंशन और बीमा जैसी सुविधाएं प्रदान की जानी है, पर इसका लाभ नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों को नही मिल रहा है।



■ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ एवं प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के आव्हान पर जुटे कर्मचारी

■ महापौर को नगरीय निकाय मंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने 4 नए श्रम कोड लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। महासंघ्ज्ञ के प्रदेश अध्यक्ष खेमूलाल निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष संजय ऐडे ने संयुक्त रूप से बताया कि देश भर में 4 नए श्रम कोड लागू हो चुके हैं, पर छत्तीसगढ़ शसन द्वारा अब तक नगरीय निकायों के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश निकायों को जारी नहीं किए गए है, इससे प्रदेश भर के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए, तो प्रदेश के सभी प्लेसमेंट कर्मचारी जो कि जल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई जैसी अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत हैं, कार्य बाधित कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे। निगम घेराव कर प्रदर्शन कर रहे प्लेममेंट कर्मचारियों का ज्ञापन लेने महापौर के प्रतिनिधि के रूप में अपर आयुक्त कर्मचारियों के बीच पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों की बातों को ध्यान से सुनकर आश्वस्त किया कि शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही नए श्रम कोड नगर निगम के लागू करने की कार्यवाही की जाएगी।

### पानी की समस्या को लेकर मटका, बाल्टी के साथ प्रदर्शन



गांधी सदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने से सदन तक नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कांग्रेसी पार्षदों के साथ मटका और बाल्टी हाथ में लेकर महापौर पानी देना होगा के नारे लगाए। शहर में व्याप्त जल संकट के निराकरण की मांग करते हुए इस दौरान नारेबाजी की गई। नेता प्रतिपक्ष ने शहर के वार्डो की समस्या को लेकर सभापति और महापौर से भी सदन में चर्चा के लिए समय मांगा। पर सभा के दौरान इस पर अलग से चर्चा नहीं कराई गई।

पानी की समस्या को लेकर किए गए प्रदर्शन में कांग्रेस पार्षद दल के उपनेता जयश्री-सत्यनारायण नायक, वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद संदीप साहू, पार्षद अर्जुमन-एजाज ढेबर, रेणु जयंत साहू, दीप-मनीराम साहू, शेख मुशीर, रोनिता-प्रकाश जगत शामिल रहे।

### नगर निगम ने बकायादारों को डिमांड नोटिस दी

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 कमिश्नरी ने वीर सावरकर नगर वार्ड के 18,88,599 रुपए के बड़े बकायादार गोयल एनर्जी एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड के दीपक अग्रवाल और रितेश अग्रवाल को डिमांड नोट संपूर्ण बकाया राशि अदा करने दी है। इसी तरह 5,29,434 रुपए के बडे बकायादार प्रीतम सिंह को बकाया राशि जमा करने नोटिस जारी किया है। जोन 8 के राजस्व विभाग ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर प्रापर्टी टैक्स की बकाया राशि समय पर जमा नहीं करने वाले बकायादारों को अभियान चलाकर नोटिस जारी कर रहा है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

### रिंग रोड में अनुमति विपरीत निर्माण को तोड़ा

**रायपुर।** राजधानी के प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3 सुमेरु मठ के पास कुशालपुर रिंग रोड 1 में अनुमति के विपरीत निर्मित भवन को नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की। जोन 5 के नगर निवेश विभाग की टीम ने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश और जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इसी तरह कुशालपुर क्षेत्र में सरकारी स्कूल के पास ठेलों का औचक निरीक्षण कर गुटखा, पाउच ओर सिगरेट को तत्काल जब्त कर संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई।

# फेडरेशन ने उठाई अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग, हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

### हस्ताक्षर मुख्यमंत्री के नाम अभियान शुरू, 30 अप्रैल तक चलेगा

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों की मांगों को लेकर 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हस्ताक्षर मुख्यमंत्री के नाम अभियान शुरू किया है। इस अभियान में सभी विभाग और कार्यालयों में कार्यरत अनियमित कर्मारी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को उनके ईमेल आईडी में संदेश भेजकर अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगे।

फेडरेशन का कहना है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 2 वर्ष के कार्यकाल में आउटसोर्सिंग, संविदा,दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों सहित विभिन्न श्रेणियों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है। फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि कई विभागों में वेतन लंबित है, छटनी की जा रही है और न्यूनतम वेतन में वर्षो से कोई वृद्धि नहीं की गई। कई विभाग ऐसे हैं, जहां कर्मचारियों को श्रम सम्मान की राशि नहीं दी जा रही है, ऐसे में अब छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन एक हस्ताक्षर मुख्यमंत्री के नाम अभियान चला रहा है।

### प्रमुख मांगें इस तरह

- अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण, स्थायीकरण किए जाएं
- कार्य से पृथक कर्मचारियों को बहाल करने की मांग
- अत्यंत कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन मिले
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने की मांग
- आउटसोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता,समूह समिति के माध्यम से नियोजन बंद किया जावे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

02



सिंधी अबाणी बोली के मंच पर गूंजा दमा...

## एजुकेशन अलर्ट

# असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती आज से शुरू




**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। जो उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे जल्द ही इन पदों पर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए एप्लीकेशन विंडो 11 अप्रैल, 2026 से शुरू हो जाएंगे। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 01 मई, 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। असिस्टेंट कीपर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में तीन वर्ष की छूट और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट प्रदान की गई है।

### इस तरह कर सकेंगे अप्लाई

उम्मीदवारों के पास पद से संबंधित विषय में पात्रता होनी चाहिए। यूपीएससी की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में उम्मीदावरों की सहायता के लिए यहां रजिस्ट्रेशन करने के आसान स्टेप्स बताए गए हैं, जिन्हें फॉलो करके उम्मीदवार आसानी से अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए सबसे पहले यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट **upsc.gov.in** पर जाकर विजिट करना होगा। अब वेबसाइट के होमपेज पर उम्मीदवारों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। सभी डिटेल को दर्ज करने के बाद जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करना होगा। अब रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना होगा। अंत में फॉर्म भरने के बाद इसका एक प्रिंट आउट भी अवश्य निकाल लें।

## गोंडवाना कप के समापन में डिप्टी सीएम अरुण साव ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

# गोंडवाना कप 2026 : नैशिक रेड्डी और आयुषी तनवार बने चैंपियन, डबल्स में नीरव-अनूप और शताक्षी-अनन्या का कब्जा

अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी स्टेडियम में आयोजित गोंडवाना कप ऑल इंडिया टेनिस टूर्नामेंट 2026 का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश से शताक्षी चौधरी व अनन्या जैन ने स्निग्धा पाटिबंडला और इरम जैदी को 3-6, 6-3, 10-7 से हराकर खिताब जीता।




**रायपुर।** पुरुष डबल्स में नीरव शेट्टी व अनूप बंगार्गी (महाराष्ट्र) ने प्रसाद इंगाले और परितोष पवार को 6-2, 6-4 से पराजित किया। महिला एकल में आयुषी तनवार राजस्थान ने शताक्षी चौधरी उत्तरप्रदेश को 2-6, 6-2, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके अलावा पुरुष एकल में नैशिक रेड्डी गनागामा तेलंगाना, प्रसाद इंगाले महाराष्ट्र को 7-6 (7-4), 6-3 से हराकर विजेता बने।

### राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दे रहे

समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव अरुण साव ने कहा कि गोंडवाना कप जैसे भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दे रहे हैं। यहां से निकलने वाले खिलाड़ी देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को हरसंभव मंच और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी और महासचिव गुरुचरण सिंह होरा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "इनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में टेनिस लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है।






### समापन में ये रहे मौजूद

समारोह में ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के महासचिव अनिल धूपर, मनोरमा इंडस्ट्रीज के चेयरमैन आशीष सराफ, छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी, महासचिव गुरुचरण सिंह होरा, उपाध्यक्ष नरेश गुप्ता, जीएस भांबरा, अवतार सिंह जुनेजा, हरमीत सिंह होरा, सुशील बलानी, प्रदीप मथानी, सुनील सुराणा, पाली कलश, अवतार सिंह जुनेजा, अजय पारख, हेनरी सैंटियागो, रोहिन सैंटियागो, अमरजीत सिंह चड्ढा, ऋषि बंछोर, सुरेश सुखेजा, विवेक विश्वकर्मा, अर्जुन कुमार, रामावतार जैन, कैलाश दीक्षित, डॉ. दीपक कंवर, संजय शुक्ला, सुनील जैन, महेश द्विवेदी, दीपेश नेताम, अजय टांडी, यूनियन क्लब से राज थौरानी, मनोज गंगवानी सहित बड़ी संख्या में खेल संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों को मिल रहा बेहतरीन प्लेटफॉर्म



छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस संघ के अध्यक्ष व हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच देना है। गोंडवाना कप इसी दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिस तरह से निरंतर कार्य कर रही है, वह बेहद सराहनीय है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे संसाधन, आधुनिक सुविधाएं और प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जरूरत होती है प्रशिक्षण की।




### प्रोत्साहन मिलेगा तभी देश का नाम ऊंचा करेंगे

एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा कि रायपुर में इस स्तर का आयोजन देखना गर्व की बात है। यहां की सुविधाएं और खिलाड़ियों का जोश यह साबित करता है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में टेनिस का बड़ा हब बनने जा रहा है।"ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ में और भी कई बड़े आयोजन कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा, तब वे बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम ऊंचा करेंगे।

### खेलों के माध्यम से नई पहचान बना रहा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिल रही है। हमारा प्रयास है कि छत्तीसगढ़ को खेलों के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया जाए। राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिस तरह से ठोस पहल की जा रही है, वह बेहद सराहनीय है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोत्साहन मिल रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ खेलों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## सिटी इवेंट

# मंच पर अभिनय करना केवल नकल उतारना नहीं, नए व्यक्तित्व को भीतर धारण करना है



**रायपुर।** संस्कार भारती की युवा रंग साधक नाट्य कार्यशाला का तीसरा दिन कलात्मक विमर्श और व्यावहारिक प्रशिक्षण के नाम रहा। कार्यशाला में युवाओं ने न केवल शब्दों की शक्ति को समझा, बल्कि उन अनकहे भावों को भी पकड़ना सीखा, जो अभिनय को जीवंत बनाते हैं। संवादों के पीछे छिपे अर्थों की व्याख्या के मुख्य सत्र में युवा लेखक एवं निर्देशक किशोर वैभव ने 'नाट्य लेखन' के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'टेक्स्ट' और 'सब-टेक्स्ट' के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि एक कुशल अभिनेता वही है, जो लिखित पंक्तियों के पीछे छिपी भावनाओं और लेखक की मंशा को पढ़ सके। उन्होंने प्रतिभागियों को अभ्यास कराया कि कैसे एक ही वाक्य को अलग-अलग संदर्भों और सब-टेक्स्ट के साथ बोलने पर उसका पूरा प्रभाव बदल जाता है।

### संवेदनाएं ही मंच को जन्म देती हैं

चरित्र निर्माण और नाटक की उत्पत्ति पर चर्चा कार्यशाला के एक अन्य महत्वपूर्ण सत्र में निर्देशक प्रीतेश पाण्डेय ने रंगमंच के दार्शनिक और व्यावहारिक पक्षों को साझा किया। उन्होंने नाटक की उत्पत्ति के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि सामाजिक विसंगतियां और मानवीय संवेदनाएं ही मंच को जन्म देती हैं। श्री पाण्डेय ने चरित्र निर्माण की प्रक्रिया पर जोर देते हुए कहा कि मंच पर अभिनय करना केवल नकल उतारना नहीं है, बल्कि एक नए व्यक्तित्व को खुद के भीतर धारण करना है। चरित्र की पृष्ठभूमि, उसकी सामाजिक स्थिति और उसके मनोवैज्ञानिक पहलुओं को समझे बिना प्रभावी मंचन संभव नहीं है। उन्होंने संपूर्ण नाटक के मंचन हेतु आवश्यक प्रमुख तत्वों जैसे आंगिक अभिनय, वाचिक और सात्विक भावों के समन्वय पर भी युवाओं का मार्गदर्शन किया।

# कैनवास पर उकेरी रामनामी, वनवासी संस्कृति, दिखाया मां के वात्सल्य का रूप





**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय परिसर स्थित आर्ट गैलरी में शुक्रवार को राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी गौरा का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में चित्रकारों द्वार कैनवास पर रामनामी, वनवासी संस्कृति और मां के वात्सल्य को मार्मिकता के साथ जीवंत रूप में उकेरा गया है। चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुप द्वारा किया गया है। 10 से 12 अप्रैल तक आयोजित इस राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी गौरा की श्रृंखला सजाई गई है। आयोजक ग्रुप के डॉ. ध्रुव तिवारी, जीतेन साहू और शांति तिर्की ने बताया कि शुभारंभ के पहले दिन प्रदर्शनी में अवलोकन के लिए बड़ी संख्या में चित्रकला प्रेमी पहुंचे। यह प्रदर्शनी 12 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी। आर्ट गैलरी में 76 कलाकारों द्वारा कैनवास पर उकेरे गए जीवन के विविध रंगों को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि गौरा कला प्रदर्शनी में समकालीन भारतीय कला की विविधता, सृजनात्मक और अभिव्यक्ति के उत्सव जैसा माहौल बन गया है।

### देशभर के चुनिंदा चित्रकारों को मिला मंच

इस प्रदर्शनी में देशभर के चुनिंदा कलाकारों को मंच दिया गया है, जहां उन्होंने अपनी कल्पना और संवेदनाओं से सजी कृतियों को अवलोकन के लिए सजाया है। पिछले वर्ष भी 12 से 14 अप्रैल के बीच प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। तब प्रदर्शनी में सिर्फ 45 कलाकारों की रचनाओं को संजोने का प्रयास किया गया था, इस बार ज्यादा कलाकारों को अवसर दिया गया है।

# गौर हल्दी-कुंकू के साथ मराठी भजनों की कल होगी प्रतियोगिता

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में आगामी रविवार को शाम 4 बजे से चैत्र गौर हल्दी-कुंकू का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी केंद्रों के बीच मराठी भजनों की स्पर्धा आकर्षण का केंद्र होगी। महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि इस बार मंडल के 17 महिला केंद्रों में से न्यू राजेंद्र नगर, कमल विहार, टाटीबंध, कोटा और सरोना केंद्र की संयोजिका, सह संयोजिकाओं द्वारा इस वर्ष हल्दी-कुंकू का आयोजन किया जा रहा है। भजन प्रतियोगिता में सभी केंद्रों की ओर से भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। भजन स्पर्धा के लिए कुछ नियम पहले से तय किए गए हैं। उनमें प्रत्येक महिला केंद्र से एक मराठी भजन की ही प्रस्तुति होगी।

### स्वयं करनी होगी वाद्ययंत्रों की व्यवस्था, नियम तय

*भजन देवी को समर्पित होना अनिवार्य है। सभी टीमों को भजन प्रस्तुति के लिए औसतन पांच-पांच मिनट का समय दिया जाएगा। भजन के साथ तबला और हारमोनियम की व्यवस्था केंद्रों को स्वयं ही करनी होगी। किसी भी विवाद की स्थिति में जजों का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा। बताते चलें कि भजन स्पर्धा को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह है। सभी केंद्र की महिलाएं इसके लिए विशेष कलर का ड्रेस कोड निर्धारित करते हुए सबसे अलग दिखने की अघोषित स्पर्धा में शामिल होती हैं।*

## ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में इंडस्ट्री-अकादमिक मीट सीजन-8 में पहुंचे विश्वस्तरीय कंपनियों के विशेषज्ञ

कार्नर न्यूज

# स्टूडेंट्स से मेंटर्स ने ग्लोबल इंड्रस्ट्रीज में करियर विकल्प और नवाचार के आइडियाज किए साझा





**रायपुर।** ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में शुक्रवार को इंडस्ट्री-अकादमिक मीट- 2026 का 8वां संस्करण आयोजित किया गया। इस मीट में देश और विश्व की प्रतिष्ठित कंपनियों के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने भाग लिया। संस्थान के स्टूडेंट्स से मेंटर्स ने अपने एक्सपीरियंस के साथ ग्लोबल इंड्रस्ट्रीज में करियर के विकल्प और नवाचार के आइडियाज साझा किए। मेंटर्स ने तीन पैनल राउंड में उद्योग की अपेक्षाओं, तकनीकी शिक्षा और करियर के भविष्य से जुड़े विषयों के बारे में खुलकर चर्चा की। पहले राउंड में वैश्विक परामर्श फर्म मर्सर के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सुभ्रो के. बेरा, जेपी मोरगन चेस एंड कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सतीश कुमार उप्पलापाटी, सीनियर एनॉलिस्ट मधुरा डाबक, ईवॉय के डायरेक्टर मनु नाहर, हेड एचआर स्वाति चौधरी ने जर्नलिस्ट-स्पेशलिस्ट की पारंपरिक अवधारणा में बदलाव-उद्योग में टी-शेप्ड कौशल वाले पेशेवरों की बढ़ती मांग, बहु-विषयक कौशल, समस्या समाधान क्षमता और संचार कौशल के महत्व पर अपने विचार व आइडिया स्टूडेंट्स को बताया। वहीं दूसरे राउंड में पाइपलाइनों की ओर बदलाव-एमएलओप्स और डेटा इंजीनियरिंग की बढ़ती भूमिका और तीसरे राउंड में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स फ्रेशर्स के करियर-डिजाइन से फैब्रिकेशन तक व्यापक अवसर पर मेंटर्स ने चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. डॉ. ओपी व्यास कुलपति एवं निदेशक ट्रिपल आईटी नया रायपुर ने किया।

### उद्योग-अकादमिक साझेदारी ही इनोवेटिव शिक्षा का आधार

प्रो. डॉ. ओपी व्यास कुलपति एवं निदेशक ट्रिपल आईटी अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने वर्तमान समय में हो रहे तीव्र तकनीकी बदलावों और वैश्विक स्तर पर उभरते व्यवधानों के संदर्भ में उद्योग और अकादमिक जगत के बीच मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि उद्योग-अकादमिक साझेदारी ही नवाचार, कौशल विकास और रोजगारोन्मुख शिक्षा को सुदृढ़ करने का आधार है।

### ये रहे पैनलिस्ट विशेषज्ञ

ब्लैक रॉक के वाइस प्रेसिडेंट अमित कामत, सिस्को के डायरेक्टर राहुल पांडेय, वेरिजोन के डायरेक्टर ऑफ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग नवीन तुम्मापुडी, रेडबस के वाइस प्रेसिडेंट मनोज कुमार, ऑप्टम के इंजीनियरिंग लीड अपूर्व कृष्ण, टैक्सा के हेड ऑफ इंजीनियरिंग गौतम अय्यर, सिलिकॉन लैब के आईटी डायरेक्टर विजय आचार्य, इंटेल के डायरेक्टर ऑफ इंजीनियरिंग अनूप जे. डेका, एनएक्सपी के हेड इनोवेशन प्रीत यादव बतौर मेंटर्स शामिल रहे।

## सिटी लाइव

# विद्यार्थियों को तकनीकी और सामाजिक क्षेत्र में करें समृद्ध



**रायपुर।** शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन मैक यानी महाराजा अग्रसेन कॉलेज में शुक्रवार को किया गया। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी और सामाजिक क्षेत्र में समृद्ध करना था। विद्यार्थियों के समग्र विकास को नई दिशा देने पहले सत्र में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से "डेटा माईनिंग टेक्निक नाइव बेयस क्लासिफायर" जैसे विषय पर अतिथि व्याख्यान हुए। इसमें डॉ. तीरथ प्रसाद साहू, सहायक प्राध्यापक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर मुख्य वक्ता के रूप में मंचस्थ रहे। वहीं डॉ. साहू ने मशीन लर्निंग की मूलभूत अवधारणाओं एवं डेटा माईनिंग टेक एल्गोरिद्म की कार्यप्रणाली को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया।

### वर्तमान दौर में परिवार की संरचना में बदलाव

द्वितीय सत्र में "परिवार की बदलती भूमिका" विषय पर व्याख्यान किया गया। इसमें डॉ. ईशा चटर्जी, सहायक प्राध्यापक, कला एवं मानविकी विभाग, कलिंगा विश्वविद्यालय अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। समाजशास्त्र के दृष्टिकोण से वर्तमान समय में परिवार की संरचना एवं भूमिका में हो रहे बदलाव को सरल भाषा में समझाया। कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, सेक्रेटरी सरिता अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जैस्मिन जोशी तथा उप-प्राचार्य डॉ. श्वेता तिवारी के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आधुनिकता, शहरीकरण, वैश्वीकरण एवं तकनीकी विकास के कारण पारिवारिक संबंधों, जिम्मेदारियों एवं सोच में परिवर्तन आया है।

## समाज लाइव

# माहेश्वरी महिला संगठन ने टीमवर्क करने पर दिया जोर



रायपुर। जिला माहेश्वरी महिला संगठन ने वर्ष 2026 से 2029 के नए सत्र की पहली मीटिंग में कई अहम फैसले लिए। नई कार्यकारिणी का गठन करने के साथ सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी एवं प्रदेश सचिव नंदा भट्टर का विशेष सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष पारुल बिहानी, सचिव का दायित्व मोनिका मोहता को सौंपा गया। संरक्षक के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी एवं पुष्पा राठी, सलाहकार सरला चांडक, पुष्पा लाहोटी सहित कोषाध्यक्ष रेखा पुंगलिया, संगठन मंत्री प्रगति कोठारी और उपाध्यक्ष रमा मल, ममता सोमानी एवं संजू करवा ने उत्साह के साथ बेहतर दिशा में सार्थक प्रयास करने पर जोर दिया।

### बेहतर सोच के साथ काम करेंगे तो सफल होंगे

वहीं सहसचिव सुनीता झंवर, डॉ. नीना राठी एवं अंजू राठी सहित सांस्कृतिक मंत्री कंचन होलानी और प्रचार-प्रसार प्रभारी नीलिमा लड्ढा को बनाया गया। योजना प्रकल्प प्रभारी शिवानी कांकानी की उपस्थिति में आगामी तीन वर्षों के कार्यकाल को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संस्था के नियमों, अनुशासन, टीमवर्क और एकजुटता से काम करने पर भी व बल दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि योजना बनाकर आगे बढ़ने से प्रस्तावित काम तय समय में पूरे होंगे। उन्होंने सभी को आगे और बेहतर गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। आपसी तालमेल से काम करने वाली टीम अपनी जिम्मेदारियों पर खरी उतरती है।

## इवेंट लाइव

# सर्वधर्म मिलन समारोह में भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश




**रायपुर।** भारतीय पत्रकार संघ एवं स्टार वैदिक वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सर्वधर्म मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक सौहार्द्र, आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया। समारोह की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स की महिला विंग अध्यक्ष ईला गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, बृजेश चौबे, पूर्व महासचिव संदीप पुराणिक, प्रेस क्लब के वर्तमान अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु तथा संयुक्त सचिव भूपेश जांगड़े की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज में आपसी सहयोग, सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर समाजिक संस्था एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया।

● पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत का सिंधी भाषा दिवस पर भव्य भक्तिमय आयोजन

# सिंधी अबाणी बोली के मंच पर गूंजा दमा दम मस्त कलंदर..., सूफियाना गीतों पर जमकर झूमे सिंधुजन



मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम शुक्रवार की शाम सूफियाना भक्ति गीतों से सराबोर रहा, जहां मुंबई की प्रसिद्ध सिंधी कलाकार, गायिका पिंकी मायादासानी ने अपनी रूहानी आवाज में सूफियाना भक्ति गीत दमा दम मस्त कलंदर, अली दम दम दे अंदर... हो लाल मेरी पत रखियो बला झूले लालण...और सिंधी अबाणी बोली...सांग से समां बांध दिया। मौका था सिंधी भाषा दिवस का, इस अवसर पर पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे सिंधी अबाणी बोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### भगवान झूलेलाल की भक्ति में झूमते रहे श्रद्धालु

आयोजन के दौरान श्रद्धालु भगवान झूलेलाल के भक्ति के रंग में रंगे झूमते रहे। भगवान झूलेलाल की मूर्ति पर दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण व आरती कर आयोजन की शुरुआत की गई। प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि उसके पश्चात अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष महेश दरयानी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। वहीं सभी सम्मानित अतिथियों को सिंधी भाषा दिवस की बधाई दी। साथ ही मुख्य वक्ता भारतीय सिंधु सभा महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता भावनानी व नागपुर से पधारे प्रसिद्ध शिक्षाविद साहित्यकार डॉ. विनोद आसुदानी शामिल हुए।



### उत्साह-आनंद के साथ किया सेलिब्रेट

आयोजन को ऐतिहासिक बताते सिंधी भाषा के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। ज्ञात रहे कि 10 अप्रैल के ही दिन सिंधी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिया गया था। वहीं संसद में चर्चा के दौरान उस वक्त पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपनी उद्बोधन में कहा था कि हिंदी मेरी मां तो सिंधी मेरी मौसी है। इस दिन को बहुत भव्य रूप में मनाया गया।

**रायपुर।** इस सांस्कृतिक व साहित्यक आयोजन में सिंधी समाजजनों ने भक्तिमय गीतों पर झूमते-गाते अपने मन को आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा से भर लिया। प्रसिद्ध सिंधी कलाकार गायिका ने कार्यक्रम का आगाज सिंधी गीत सिंधी अंबाणी बोली... से किया। इस भक्तिमय सांस्कृतिक संध्या ने सिंधी समाजजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में देर रात तक चले इस आयोजन में भगवान झूलेलाल का पल्लव किया गया। वहीं पूरे देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की गई। भगवान झूलेलाल सभी पर अपनी कृपा व रहमत बरसाते रहें, सिंधी समाज ने ऐसी मनोकामना की। कार्यक्रम में पूज्य तीर्थ शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल व देवपुरी दरबार की माता साहिब मीरा देवी उपस्थित रहीं।



### साहित्यकारों व संस्थानों को किया सम्मानित

आयोजन में निम्नलिखित सिंधी साहित्यकारों का सम्मान किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बाबा मुरलीधर उदासी, विनीता भावनानी, विनोद आसुदानी, मुरलीधर माखीजा, राजकुमार मसंद, जया जादवानी, जया ठाकुर, कैलाश शादाब, शिव ग्वालानी, शत्रुघन जैसवानी का सम्मान किया गया। वहीं समाजसेवा के क्षेत्र मे बढ़ते कदम, सिंधु एकता संघ, सिंधु शक्ति, एक पहल और सेवा पथ, सारथी संस्था, दिव्य ज्योति, सुदर्शन संस्था, झूलेलाल नवयुवक संघ व उनके पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।



# श्रीमद भागवत का मूल संदेश- कर्म ही सच्ची पूजा है

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान हिमांशुकृष्ण भारद्वाज के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीमद भागवत का मूल संदेश यही है कि कर्म ही सच्ची पूजा है। उन्होंने कहा कि हमें सच्चाई और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहकर मानव जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री साय ने श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाललीला के अंतर्गत माखनचोरी के प्रसंग का भक्तिभाव के साथ श्रवण किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक पुरंदर मिश्रा, हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी, सुनील रामदास अग्रवाल सहित कथा के आयोजक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### रामलला दर्शन योजना से हजारों श्रद्धालुओं को लाभ



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम के दर्शन कराए जा रहे हैं। अब तक लगभग 42 हजार भक्त रामलला के दर्शन कर चुके हैं तथा 5 हजार से अधिक बुजुर्ग देश के विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया गया है। इस कानून के अंतर्गत देश के अन्य राज्यों की तुलना में कठोर प्रावधान किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से अवैध धर्मांतरण पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि गोमाता के संरक्षण और संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सुरभि गौधाम योजना लागू की गई है, जिसके तहत गौधामों में गोमाता के लिए चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### मानव जीवन दुर्लभ सेवा से ही सार्थकता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों के लिए जीते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका है। प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया। उन्होंने कहा कि लगभग पांच हजार वर्ग किलोमीटर में फैला अबूझमाड़ का जंगल ही दंडकारण्य क्षेत्र है और शिवरीनारायण माता शबरी की पावन भूमि है। गुरु घासीदास जैसे महान संतों की जन्मभूमि होने के कारण छत्तीसगढ़ एक धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध प्रदेश है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ईश्वर के आशीर्वाद से आज छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हो रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार को नई दिशा देगा वाइस चांसलर मीट



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया हेल्थ साइंसेज वाइस चांसलर मीट-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर देशभर से आए कुलपतियों, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि पहली बार आयोजित इस एकदिवसीय सम्मेलन के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों का व्यापक आदान-प्रदान होगा, जो आने वाले समय में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस मंच से निकले विचार न केवल नीति निर्माण को दिशा देंगे, बल्कि आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में भी सहायक होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज, 14 नर्सिंग कॉलेज तथा एक होम्योपैथी कॉलेज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला हैं और इसी दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

तीन दिवसीय जैन धार्मिक शिक्षण शिविर में सैकड़ों बच्चों को संस्कारी बनाने साध्वीश्री ने दिया प्रवचन

# माता-बहनें बच्चों को संस्कारों की शिक्षा दें, श्रेष्ठ समाज का निर्माण करने में खुद भी बनें सहभागी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में शुक्रवार को भक्तिमय माहौल रहा। सुबह बच्चों ने जैन साध्वीश्री स्नेहयशा की निश्रा में तीन दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर में जीवन में सद्गुणों के विकास का संकल्प लिया। दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि शिविर में 176 बालक- बालिकाओं ने भाग लिया। जहां उन्हें साध्वीश्री ने बताया कि जीवन में गुरु से मित्रता करना श्रेष्ठ है। शिविर के पहले दिन सैकड़ों बच्चों ने दादा गुरुदेव व साधु-साध्वियों को आदर्श मानकर जीवन में सत्य, करुणा, दया, सदाचार जैसे गुणों के विकास का संकल्प लिया।



### समाज को धर्ममय बना सकती हैं महिलाएं

साध्वीश्री ने कहा कि माता-बहनें बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए श्रेष्ठ समाज का निर्माण करती हैं। महिलाएं सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र के मार्ग पर चलते हुए स्वयं और परिवार, समाज को धर्ममय बना सकती हैं। इस शिविर में 124 महिलाओं ने भाग लिया। धार्मिक शिविर में नीलेश गोलछा, मंजू कोठारी, योगेश बंगानी, संतोष झाबक, नेहा श्रीश्रीमाल ने विशेष भूमिका निभाई। महाविदेह क्षेत्र में विराजमान भगवान सीमंधर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव वैसाख वदी दसमी 12 अप्रैल रविवार को जैन साध्वीश्री स्नेहयशा की निश्रा में इस बार मनाया जाएगा। विधिकारक विमल गोलछा द्वारा सत्तरभेदी महापूजन का विधान किया जाएगा।

### शिखर पर नया ध्वज भी चढ़ाया जाएगा



तीर्थंकर की मातारानी द्वारा देखे गए 14 महास्वप्नों का चढ़ावा बोला जाएगा। भगवान श्री सीमंधर स्वामी के पालना की आराधना की जाएगी। टीकम जैन ने बताया कि सत्तरभेदी पूजन के साथ ही जिनमंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी के शिखर पर नया ध्वज चढ़ाया जाएगा। श्री सीमंधर स्वामी मूलनायक के अमर ध्वजा के लाभार्थी मूलचंद बैद परिवार, चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी की अमर ध्वजा लाभार्थी श्री जिनकुशल सूरि की ध्वजा तिलोकचंद, शांतिलाल, अशोक कुमार बरड़िया परिवार होंगे। वहीं 12 अप्रैल रविवार की रात 8 बजे से दादा गुरुदेव इक्तीसा जाप और श्री सीमंधर स्वामी जन्म कल्याणक प्रभुभक्ति की जाएगी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पैराकेनो वर्ल्ड कप 2026 जर्मनी चयन में हिस्सा लिया छत्तीसगढ़ टीम ने




**रायपुर।** पैराकेनो वर्ल्ड कप 2026 जर्मनी चयन प्रतियोगिता 7 और 8 अप्रैल को लोअर लेक भोपाल में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के पैराकेनो खिलाड़ियों ने पहली बार भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया। उक्त चयन प्रतियोगिता में 7 पुरुष दिव्यांग खिलाड़ी एवं 1 महिला दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हुए। इन खिलाड़ियों में चंद्रपाल, होरीलाल, लकी, सोनी, कुलदीप, महेश्वर, पिंटू साहू, चंचल पटेल, पिंकी साहू कोच और प्रवेश सोनवानी मैनेजर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग 10 माह पूर्व एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग खिलाड़ी के लिए बोट और पेडल खरीदे गए थे और उसके बाद से दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिदिन बूढ़ा तालाब पर प्रैक्टिस कर रहे थे। उन्ही में से ये खिलाड़ी उक्त चैंपियनशिप में भाग लेने गए थे। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी चेयरमैन पैरा कैनो एवं सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ एवं डॉ नवीन बाफना और राकेश ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### सीएससीएस अंतिम दौर का मुकाबला आज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 चार दिवसीय सिलेक्शन मैच के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम साउथ जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में नॉर्थ जोन ने तीन विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन टीम पहली पारी में 236 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन पहली पारी 145 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में साउथ जोन दूसरी पारी 214 रन पर आउट हुई। अनुराग साहू ने 70 रन और बालाजी राव ने 61 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन के भावेश साहू ने पांच विकेट और विकल्प तिवारी ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी में 7 विकेट पर 311 रन, शाश्वत शारडा ने 99 रन जितेंद्र साहू ने 70 रन, साहेर तमसील ने 50 रन और विकल्प तिवारी ने नॉट आउट 45 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन के अरिन द्विवेदी ने तीन विकेट एवं चिन्मय विश्वकर्मा ने दो विकेट लिए। इसी तरह बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध वेस्ट जोन के मैच में बल्लेबाजी करते हुए ईस्ट जोन पहली पारी 351 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम अपने कल के स्कोर 7 विकेट पर 173 रन से खेलते हुए 214 रन बनाकर आउट हो गई। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने दूसरी पारी चार विकेट पर 215 रन बनाए। जिसमें अंबरीश कुमार सिंह ने नॉट आउट 64 रन, गर्व कुमार सिंह ने 56 रन और आशीष डहरिया ने 36 रन बनाएं। गेंदबाजी में वेस्ट जोन के भविष्य थपियाल ने तीन विकेट और रोहित यादव ने एक विकेट लिए। इस मैच के चौथा एवं अंतिम दिन शनिवार 11 अप्रैल को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले होंगे। सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार विश्राम का दिन रहा।

### ओपन रैपिड शतरंज में वेदांत विजेता



**दुर्ग।** द्वितीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ एवं दुर्ग जिला संघ के सहयोग से हुआ। स्पर्धा की शुरुआत जिला संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने करते हुए अपने वक्तव्य से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से 115 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें 35,000 से अधिक की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफियां वितरित की गईं, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ी रहे- प्रथम वेदांत जायसवाल बिलासपुर , द्वितीय यश सिंह रायपुर, तृतीय ईशान सैनी दुर्ग से। विभिन्न आयु वर्ग में शानवी झा, मेधांश शोरी, तुषार यादव, भावेश महेश्वरी, माघी सिंह, सर्वेश लिल्हरे, चेतस मंडले, प्रांजल सिंह, परिधि लिल्हरे, गुणवंत साहू, युवराज साहू, भव्य टाटिया, चारवी मंडले, निशिता देवांगन, आलिया सी एम, सार्थक वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

डॉक्टर से जानें लू लगने के लक्षण, बचाव के घरेलू उपाय और जरूरी सावधानियां

# तेज गर्मी के बीच हीट स्ट्रोक से बचने बरतें सावधानी इस मौसम में जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

तेज गर्मी ने इन दिनों सभी को परेशान किया हुआ है। अप्रैल की शुरुआती दहाई में ही पारा 40 के पास पहुंच रहा है। तेज गर्मी के बीच, हीट स्ट्रोक से बचना जरूरी है। लू लगने के लक्षण क्या है, इससे बचाव करने में कौन-से घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं, चलिए एक्सपर्ट से समझते हैं।

इन दिनों गर्मी तेजी से बढ़ती जा रही है और पारा रोज ऊपर की ओर बढ़ रहा है। अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी के मारे बुरा हाल हो चुका है और पारा भी कई जगह 40 के आस-पास पहुंच चुका है। ऐसे में मई-जून में गर्मी क्या रिकॉर्ड तोड़ेगी, इसे लेकर अभी से सभी के मन में चिंता के बादल छाए हुए हैं। तेज गर्मी का असर हमारी सेहत पर भी होता है। तपिश वाले मौसम का असर, शरीर के हर अंग पर होता है और ऐसे में अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के महीनों में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी हो जाता है। हीट स्ट्रोक क्या है, गर्मी के मौसम में इससे कैसे बचना चाहिए, लू लगने पर शरीर में क्या लक्षण नजर आते हैं और किन घरेलू नुस्खों से आप खुद को इससे बचा सकते हैं, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। इस बारे में डॉ. रंगा संतोष कुमार कंसल्टेंट जनरल फिजिशियन जानकारी दे रहे हैं।



### हीट स्ट्रोक के क्या लक्षण होते है?



गर्मियों के मौसम में अधिक तापमान, सेहत के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचना बहुत जरूरी है। जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता है, तो हीट स्ट्रोक होता है। ऐसा हाई टेम्परेचर में बहुत अधिक समय तक रहने या अधिक एक्सरसाइज के कारण होता है। इसके लक्षणों को समय पर पहचानकर, तुरंत इलाज करने से खतरे को कम किया जा सकता है। लू लगने पर स्किन लाल हो जाती है, दिल की धड़कन तेज हो जाती है, सिर में दर्द होता है, उल्टी महसूस होती है, मांसपेशियों में दर्द होता है और पसीना अधिक आता है। हीट स्ट्रोक की वजह से कई बार काम करने में और किसी चीज पर ध्यान देने में भी मुश्किल होती है। इसकी वजह से बेहोशी भी आ सकती है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें?

हीट स्ट्रोक से बचने के लिए खुद को हाइट्रेट रखना बहुत जरूरी है। दिन भर अधिक से अधिक पानी पिएं। शुगर वाली ड्रिंक्स, कॉफी और एल्कोहल से दूर रहें। इनसे डिहाइड्रेशन हो सकता है। अगर आप कोई फिजिकल एक्टिविटी कर रहे हैं, तो इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर ड्रिंक्स जरूर लें। हवादार, हल्के रंग के और ढीले-ढाले कपड़े पहनें। इनसे शरीर ठंडा रहता है। वहीं, टाइट और गहरे रंग के कपड़े हीट को सोखते हैं और शरीर को गर्म रख सकते हैं।

धूप में अधिक समय न बिताएं। दिन में आउटडोर फिजिकल एक्टिविटी न करें। फिजिकल एक्टिविटी सुबह या शाम के वक्त करें। बाहर निकलते वक्त खुद को यूवी रेज से प्रोटेक्ट करने के लिए, टोपी और चश्मे पहनें। सनस्क्रीन भी जरूर लगाएं। दिन में 10 बजे से 4 बजे के बीच घर के अंदर ही रहें। इस समय पर गर्मी अधिक होती है। जब आप बाहर जाएं, तो पेड़ों या छाते की छाया में ही रहें और सीधा धूप के संपर्क में आने से बचें। बाहर काम या एक्सरसाइज करते वक्त खुद को एकसाथ ज्यादा न थकाएं और थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक जरूर लें। बच्चे, बड़े-बुजुर्गों और जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है, उनका ज्यादा ख्याल रखें क्योंकि उन्हें गर्मी से जुड़ी बीमारियां जल्दी घेर सकती हैं। बच्चों को फॉर्मूला मिल्क या ब्रेस्ट मिल्क से हाइड्रेट रखें और उन्हें हल्के कपड़े पहनाएं।



डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक का मुख्य कारण है। ऐसे में दिन भर खूब सारा पानी पिएं। आप जूस, हेल्दी ड्रिंक्स को भी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। अगर आप कोई डाइयूरेटिक या एलर्जी के लिए कोई दवाई ले रही हैं, तो डॉक्टर से जरूर बात करें क्योंकि ये दवाईयां आपकी गर्मी के प्रति अधिक संवेदनशील बना देती हैं।

तुलसी के बीजों या बेसिल सीड्स में कूलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। इन्हें पानी में भिगोएं और खाएं। ये गर्मी से होने वाली दिक्कतों को भी कम करते हैं। पुदीने की पत्तियों को पानी में उबालें और ठंडा होने दें।



## राष्ट्रीय कुश्ती महासंग्राम के पहले दिन हरियाणा चैंपियन

**भिलाई।** भिलाई निवास के सामने साइकिल पोलो मैदान में शुक्रवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता में पहला दिन बेटियों के नाम रहा। सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में शुभारंभ पर सुबह आराध्य हनुमान चालीसा व हनुमान अभिषेक के मंत्रो का उच्चारण सुप्रसिद्ध कथावाचक कान्हा महाराज के श्रीकंठ से हुआ। इसके उपरांत सांसद विजय बघेल के साथ भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विधिवत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर रमापति राम त्रिपाठी भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यू.पी., संजय सिंह भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष, जय प्रकाश, ओलम्पियन नरसिंह पंचम यादव और एस पी देसवाल भी उपस्थित थे। इसके उपरांत कुश्ती का महासंग्राम शुरू हुआ। जिसका इंतजार जिले के सभी कुश्ती प्रेमी कर रहे थे। पहला दिन बालिका वर्ग के पहलवानो के नाम रहा, जिसमें 28 राज्यों से आयी बालिकाएं इस महासंग्राम में अपने आप को पहलवानी में कुशल साबित करने पूरे दमखम के साथ उतरी। बालिकाओं ने कुश्ती में अपने दाव-पेंच बखूबी दिखाए। बालिकाओं की अपने खेल के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं क्षमता को देख सांसद विजय बघेल ने सभी बालिकाओं को छत्तीसगढ़ की वीरांगना अवन्ति बाई की उपाधि दी। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति की ओर से निशु पाण्डेय ने बताया कि हरियाणा की टीम ने दंगल कुश्ती में बेहतरीन दांव-पेंच, मजबूत पकड़ और शानदार तकनीक का प्रदर्शन करते हुए 230 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। उनके पहलवानों ने हर मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वियों को चित कर बढ़त बनाए रखी।

## नेशनल साइकिल पोलो में छत्तीसगढ़ की बेटियों का खिताबी संघर्ष जारी

**भिलाई।** कोलकाता क्रिकेट एवं फुटबॉल (सीसीएफसी) क्लब की ओर से अखिल भारतीय साइकिल पोलो फ्लड लाइट आमंत्रण कप 2025-26 में गत वर्ष की विजेता छत्तीसगढ़ महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। प्रतियोगिता का आयोजन बंगाल साइकिल पोलो एसोसिएशन एवं सीसीएफसी क्लब द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में किया जा रहा है, जिसमें देश की शीर्ष पुरुष और महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं।

भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह तथा दुर्ग जिला साइकिलिंग संघ के सचिव देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में भारतीय वायु सेना, प्रादेशिक सेना, भारतीय थल सेना, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और मेजबान पश्चिम बंगाल की टीमें भाग ले रही हैं। वहीं महिला वर्ग में छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, केरल, तेलंगाना और कर्नाटक की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन छत्तीसगढ़ महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए केरल को एकतरफा मुकाबले में 10-2 के बड़े अंतर से पराजित किया। इसके बाद दिन के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ ने मेजबान पश्चिम बंगाल को 14-3 के बड़े स्कोर से हराया। इस मैच में रागनी निर्मलकर ने 5 गोल, पूनम देवी ने 4 गोल, खुशबू साहू ने 2 गोल और लक्ष्मी निर्मलकर ने 3 गोल कर टीम को शानदार जीत दिलाई। दूसरे दिन महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच हुए मुकाबले में भी छत्तीसगढ़ टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9-3 से जीत दर्ज की। इस मैच में पूनम देवी ने 5 गोल, लक्ष्मी




निर्मलकर ने 2 गोल और रागनी निर्मलकर ने 2 गोल किए।वहीं पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का मुकाबला भारतीय वायु सेना से हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ टीम 10-1 से पराजित हुई। दूसरे दिन भारतीय थल सेना के खिलाफ खेले गए मैच में भी छत्तीसगढ़ टीम को 11-6 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में शैलेन्द्र और विकास कुमार ने 2-2 गोल, जबकि रोहन तांडी और करण साह ने 1-1 गोल किए। छत्तीसगढ़ पुरुष टीम में देवप्रकाश वर्मा, शैलेन्द्र, विकास कुमार, रोहन तांडी, करण साह और शुभम यादव शामिल हैं, जबकि कोच शशांक देशमुख हैं। महिला टीम में लक्ष्मी निर्मलकर, पूनम देवी, रागनी निर्मलकर, खुशबू साहू, चंचल कश्यप और सुमन साहू शामिल हैं तथा टीम मैनेजर वर्षा देवी हैं। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के पूर्व संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार, महासंघ के कोषाध्यक्ष तोषेंद्र वर्मा, दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, दुर्ग जिला साइकिल पोलो संघ के सचिव शशांक देशमुख तथा उपाध्यक्ष ई.वी. सुनील ने छत्तीसगढ़ टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### सीनियर नेशनल हैंडबॉल में छत्तीसगढ़ को कांस्य, कड़े संघर्ष में हिमाचल को हराया

**भिलाई।** उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूचर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट, बरेली (उ.प्र.) में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की 20 सदस्यीय महिला हैंडबाल टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को पूल ई में गुजरात एवं उत्तराखंड के साथ रखा गया था। पूल मैचेस में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मुकाबले में उत्तराखंड को 17-02 गोलों से पराजित किया तथा छत्तीसगढ़ ने अपने दूसरे मैच में गुजरात को 26-16 गोलों से पराजित कर प्री-क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। प्री-क्वार्टरफईनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला बिहार के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-09 गोलों से पराजित कर क्वार्टरफईनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला पंजाब के साथ खेला गया। जिसमे छत्तीसगढ़ ने पंजाब को 28-23 गोलों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला हिमाचल प्रदेश के साथ खेला गया जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम हिमाचल प्रदेश से 18-32 गोलों से पराजित होकर कांस्य पदक से संतुष्ट होना पड़ा। छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया किया। हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को फाइनल में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा किया।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए पियरे, जल्द आ रही 'मैन ऑफ टुमारो'

आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। इसी बीच आरोन सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में नजर आएंगे। जिसकी पुष्टि खुद आरोन ने की है।



आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं।

इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। 'मैन ऑफ टुमारो' 2025 की 'सुपरमैन' फिल्म की बड़ी कामयाबी के बाद आ रही है। एएनआई के अनुसार, कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा। ब्रेनियाक का किरदार जर्मन एक्टर लार्स एडिंगर निभाएंगे। पिछली फिल्म के कई कलाकार भी अपने रोल दोहरा सकते हैं। इनमें रैचेल ब्रोसनाहन, स्काइलर गिसोंडो और सारा सैंपाइयो शामिल हैं।

### टॉलीवुड

## ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' आएगी अब नई तारीख पर

मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार ममूटी और मोहनलाल एक साथ एक एक्शन जासूसी फिल्म 'पैट्रियट' में नजर आएंगे। इस फिल्म की नई रिलीज डेट जारी कर दी गई है। ममूटी और मोहनलाल की फिल्म 'पैट्रियट' पहले 23 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कुछ वजहों से रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया था, जिससे फैंस काफी निराश हो गए थे। अब फिल्ममेकर्स ने आधिकारिक तौर पर नई डेट की घोषणा कर दी है।



ममूटी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यह खबर शेयर की है। उन्होंने लिखा फिल्म 'पैट्रियट' 1 मई 2026 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस ममूटी और मोहनलाल की एक्शन स्पाई थ्रिलर फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पहले जब 'पैट्रियट' की रिलीज डेट टाली गई थी, तब फिल्म टीम ने बयान जारी करके बताया था कि वह फिल्म को बेहतरीन क्वालिटी के साथ दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं। कुछ अनियोजित परिस्थितियों के कारण रिलीज को कुछ दिनों के लिए टालना पड़ा था। पिछले साल 2 अक्तूबर को रिलीज हो चुका है। टीजर में एक रहस्यमयी आवाज में बात की गई है कि कुछ नेता आस्था के नाम पर लोगों को नियंत्रित करते हैं। टीजर में ममूटी गुप्त मिशन पर दिखते हैं, मोहनलाल सैनिक की भूमिका में हैं और फहद फासिल की एंट्री कहानी में और तनाव बढ़ा देती है। फिल्म सत्ता के संघर्ष और गहरे टकरावों पर आधारित लगती है। 'पैट्रियट' को माहेश नारायणन ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में ममूटी और मोहनलाल के अलावा फहद फासिल, नयनतारा, रजनीव मेनन, रेवती और कई बाकी कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म की रिलीज का इंतजार अब फैंस को 1 मई 2026 तक करना पड़ेगा।

### भोजपुरी

## खुशी का गाना 'जानू एही लगन में' रिलीज होते ही छाया, शिवानी की अदाओं पर फिदा फैंस

खुशी कक्कड़ का नया भोजपुरी गाना 'जानू एही लगन में' आया है, जो चर्चा में है और यूट्यूब पर भी छाया हुआ है। 'जानू एही लगन में' में शिवानी सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी खूबसूरत अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस गाने में अलग ही रंग भर रही हैं। यूजर्स खूब प्यार लुटा रहे हैं।



भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुकीं खुशी कक्कड़ एक बार फिर अपने नए गाने 'जानू एही लगन में' के साथ दर्शकों के बीच धमाकेदार अंदाज में लौट आई हैं। यह गाना रिलीज के साथ ही तेजी से वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया से लेकर यूट्यूब तक दर्शकों के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। गाने की धुन, बोल और प्रेजेंटेशन प्रस्तुति ने फैंस को पहली ही बार में अपनी ओर आकर्षित कर लिया है। 'जानू एही लगन में' में शिवानी सिंह नजर आ रही हैं, जिनकी खूबसूरत अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस गाने में अलग ही रंग भर रही हैं। वीडियो में उनकी परफॉर्मेंस न केवल गाने के मूड के साथ पूरी तरह फिट बैठती है, बल्कि दर्शकों को भी बांधे रखने में कामयाब रही है। गाने की विजुअल क्वालिटी, लोकेशन और डांस मूव्स इसे और ज्यादा आकर्षक बनाते हैं। यही वजह है कि रिलीज के तुरंत बाद यह गाना दर्शकों की पसंदीदा प्लेलिस्ट में जगह बनाता दिख रहा है।

'जानू एही लगन में' गाने को लेकर खुशी कक्कड़ ने कहा, "जानू एही लगन में' मेरे दिल के बेहद करीब है। इस गाने में इमोशन, मेलोडी और मनोरंजन, तीनों का खूबसूरत मेल है। मुझे पूरा भरोसा था कि दर्शकों को यह गाना जरूर पसंद आएगा। एसआरके म्यूजिक हमेशा साफ-सुथरे और अच्छे कंटेंट के लिए जाना जाता है।




यह इंटरनेशनल फ़ैशन सीज़न की शुरुआत है। न्यूयार्क फैशन वीक के हाल ही में खत्म होने के साथ ही अब भारतीय परिवेश के फैशन की चर्चा शुरू हो गई है। भारतीयता से जुड़े कई आइकॉनिक और ट्रेंडसेटिंग स्टाइल रनवे पर छाए हुए हैं। माना जा रहा है कि इन प्रयासों के चलते भारतीय डिज़ाइनर भारत और दुनिया के बीच एक सच्चा सांस्कृतिक संवाद स्थापित करने में कामयाब रहे।

## हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए ऐसे लिपस्टिक शेड


कुछ लिपस्टिक शेड्स ऐसे होते हैं जिनका फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इनको आप कभी भी और किसी भी मौके पर लगा सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे ही लिपस्टिक शेड्स दिखाने जा रहे हैं, जो कि हर लड़की की मेकअप किट में जरूर होने चाहिए।

मेकअप करना हर लड़की को पसंद होता है। वहीं मेकअप करते हुए हमें सभी चीजों की ओर ध्यान देना होता है। तब जाकर हम खुद को सुंदर बना पाते हैं। एक महिला मेकअप करने के बाद अलग ही लुक में नजर आती है। ऐसे में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनको यदि आपने मेकअप के दौरान नहीं लगाया तो आपका फेस काफी फीका लगने लगता है। ऐसी ही एक चीज का नाम आज हम बताने जा रहे हैं।

मेकअप में लिपस्टिक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बिना हमारा लुक कंप्लीट नहीं होता है। आप चाहे कितना भी मेकअप क्यों न कर लें जब तक आप एक बढ़िया सा लिपस्टिक शेड नहीं लगाती हैं तो फेस बहुत डल लगता है। फिर चाहे ऑफिस हो या पार्टी एक अच्छा लिपस्टिक शेड हमारे सुंदरता में चार-चांद लगा देता है। मार्केट में वैसे तो आज कई लिपस्टिक शेड्स आ रहे हैं, लेकिन कुछ शेड्स ऐसे होते हैं, जो कि एवरग्रीन होते हैं।

### ब्राउन लिपस्टिक शेड

ब्राउन एक ऐसा कलर हैं जिसको हर उम्र की महिला पसंद करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। जिनको आप अपनों चॉइस के हिसाब से ले सकती हैं। ऐसे में ब्राउन लिपस्टिक शेड आप ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकती हैं। ब्राउन शेड शेड यंग गर्ल्स की पहली पसंद होता है। ऐसे में ब्राउन कलर अपनी किट में आप जरूर रखें।



### वाइन लिपस्टिक शेड

आजकल वाइन लिपस्टिक शेड काफी ट्रेंड में है। ऐसे में यदि आपकी स्किन टन ब्राइट है तो वाइन कलर का लिपस्टिक शेड जरूर ट्राई करें। नाइट और डे दोनों फंक्शन में यह आपको अट्रैक्टिव लुक देता है। यदि आपको यह शेड ज्यादा डार्क लगता है तो इसमें कोई लाइट कलर का शेड मिक्स करके इसे थोड़ा लाइट कर सकती हैं।

## सिंपल लुक में चाहिए ट्रेंडी टच तो स्टाइल करें डिजाइनर कुर्तियां



कुर्ती कई सारे खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और कुर्ती में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आता है। वहीं अगर आप सिंपल और सोबर लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं।



कुर्ती सिंपल लुक पाने के लिए बेस्ट आप्शन है और ऐसा इसलिए क्योंकि जहां महिलाएं रॉयल लुक पाने के लिए सूट या साड़ी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो, वहीं कुर्ती आप डेली वियर साथ ही ऑफिस या किसी पार्टी या फैमिली फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। कुर्ती आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी लेकिन, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप ये 5 तरह की डिजाइनर कुर्तियांस्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती काफी ट्रेंड में है साथ ही, सिंपले आर सुदंर लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।




सिंपल लुक पाने के लिए आप इस तरह की चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। यह कुर्ती पफ और हाफ स्लीव्स में आती है और इस तरह की कुर्ती में आपका लुक सुंदर और स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की कुर्ती आप ऑफिस जाने के दौरान स्टाइल कर सकती है और इसे आप 400 से 500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस चंदेरी प्रिंटेड कुर्ती के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही, फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ती

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और अगर आप फ्लोरल प्रिंट कुछ पहनने का सोच रही हैं। तो, आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट कुर्ती स्टाइल कर सकती हैं। इस कुर्ती में आप ऑफिस या कहीं घूमने के दौरान स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह की कुर्ती आपको 600 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस फ्लोरल प्रिंट के साथ आप सिल्वर झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## आसान स्टेप्स में घर पर करें गुलाब फेशियल, मिलेगी ग्लोइंग स्किन

टीवी और अखबार में रोज ही किसी नई क्रीम, फेस पैक और दूसरे ब्यूरटी प्रोडक्ट्स का विज्ञापन देखते हैं। इन्हें देखकर हमारे मन में भी बेदाग दमकती हुई त्वचा पाने का लालच आता है। मगर क्या वाकई बाजार में मिलने वाले केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स इतने प्रभावी होते हैं कि उन्हें लगाते ही चेहरे में ग्लो आ जाता है? नहीं यह केवल एक मिथ है। इनमें से कुछ अगर ऐसा होते भी हैं, जिन्हें लगाने के बाद चेहरे पर ग्लो आता है तो वो केमिकल बेस्ड ही होते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा में क्षणिक चमक तो आ जाती है, मगर इसके साइड इफेक्ट्स भी कम नहीं होते हैं। ऐसे में आपको अगर चेहरे पर नेचुरल ग्लोच चाहिए तो आप गुलाब के फूल से कुछ आसान स्ट्प्स में फेशियल कर सकती हैं।



फेशियल की प्रक्रिया का सबसे पहला स्टेच है चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। यह गुलाब जल आप बाजार से भी खरीद सकती हैं और चाहें तो घर पर भी बना सकती हैं। इसे बनाने की प्रक्रिया बहुत ही आसान है-

वैसे तो आप 2 दिन तक गुलाब के फूल को पानी में डिप करके रखें और छान कर उसे एक स्प्रे बॉटल में डाल लें। इसे आप डायरेक्ट मुंह में लगा सकती हैं। मगर हम आपको एक स्पेंशल गुलाब जल के बारे में बता रहे हैं, जो आपके लिए एक बहुत अच्छी टोनर का काम करेगा।

इसके लिए आपको एक गिलास पानी में 2 दिन तक गुलाब की पंखुड़ियों को डिप करके रखें और फिर उसके पानी को छान लें और फिर उसमें अन्य सामग्रियां मिलाएं। अब आप नींबू का रस, ऑलिव ऑयल आदि भी इस मिश्रण में डालें। फिर आप इसे टोनर की तरह इस्तेरमाल करें और चेहरे को साफ करें।

## साड़ी के साथ बालों में लगाएं मांग टीका, देखें सुंदर डिजाइंस

शादी का सीजन जारी है। ऐसे में हर किसी ने अपने लिए अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों की शॉपिंग तो कर ही ली है। लेकिन ज्वेलरी भी अच्छे डिजाइन वाली चाहिए होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। कई सारे लोग मांग टीका अपने लहंगे के साथ लगाना पसंद करते हैं। लेकिन आप इसे चाहें तो साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के मांग टीका को ट्राई कर सकती हैं।

### पर्ल डिजाइन वाला मांग टीका

आप अपनी साड़ी लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए आप पर्ल डजाइन वाले मांग टीका को लगा सकती हैं। इस तरह के मांग टीका लगने के बाद काफी अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा अच्छा नजर आएगा। इसे आप अपने सेट के साथ मैचिंग करके भी अपने बालों में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक काफी सुंदर दिखेगा। मार्केट में आपको ये सेट या सिंगल भी मिल जाएगा।

### राजस्थानी स्टाइल मांग टीका



राजस्थान में भी मांग टीका काफी शुभ माना जाता है। हर तीज-त्योहार पर इसे लगाया जाता है। आप भी इसे साड़ी के साथ लगा सकती हैं। इसे आप गोल्ड से लेकर आर्टिफिशियल डिजाइन में खरीदें। फिर इसे अपनी साड़ी के कलर से मैच करके बालों में लगाएं। इसे लगाने से आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा। साथ ही, आप अट्रैक्टिव नजर आएंगी। मार्केट में आपको इस तरह के मांग टीका अलग-अलग डिजाइन में मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

### गर्मियों में कूल रहने के लिए सिर्फ कपड़े ही नहीं और भी बातों का रखना होता है ध्यान

## तपिश भरे मौसम में खुद को स्टाइलिश दिखाने अपनाएं जरूरी टिप्स, पसीने से भी होगा बचाव

गर्मी के मौसम में कूल दिखने और अच्छा महसूस करने के लिए हमेशा कॉटन के हल्के रंग के कपड़े पहनें। अगर आपको वर्क वाले आउटफिट्स पसंद हैं तो कढ़ाई के बजाय प्रिंटेड आउटफिट खरीद लें। गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। पंखे की हल्की ठंडक के बीच रजाई-कंबल के साथ ही स्वेटर-जैकेट भी फिर से पैक हो गए हैं। कुछ लोग हर मौसम में अपने वॉर्डरोब का मेकओवर करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो जानिए समर फैशन के बारे में। गर्मियों में हमेशा हल्के रंगों के कपड़े पहनें,इस मौसम में कॉटन फैब्रिक बेस्ट माना जाता है, अपने लुक को कैप और सनग्लासेस से कंप्लीट करें।

### समर फैशन में क्या है हिट

गर्मियों में ज्यादातर लोग कॉटन के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। कॉटन यानी सूती कपड़े पहनने में हल्के होते हैं और पसीना भी कम आता है। गर्मी के मौसम में कूल रहने के लिए हमेशा सूती कपड़े ही पहनने चाहिए। ऑफिस जाने के लिए



लड़के कॉटन की हाफ स्लीव शर्ट और टीशर्ट ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने कलेक्शन में व्हाइट टीशर्ट भी रख सकते हैं। उसके ऊपर शर्ट पेयर कर आप बहुत स्टाइलिश लगेंगे।

### समर सीजन में कैसे पहनें कपड़े

सिर्फ कॉटन या समर फैशन के अनुकूल कपड़े खरीदने भर से आप कूल नहीं हो सकते हैं। अगर आप गर्मियों में वाकई ठंडक महसूस करना चाहते हैं तो आपको अपने कपड़ों को सही तरीके से पहनने का तरीका भी मालूम होना चाहिए।

### ढीले कपड़ों से मिलेगा आराम

गर्मी के मौसम में ढीले कपड़े पहनने चाहिए। कई लोग बहुत टाइट कपड़े पहन लेते हैं, जिसकी वजह से उनको काफी पसीना आता है। दरअसल टाइट कपड़ों से त्वचा कस जाती है, जिसके बाद पसीना और ज्यादा निकलने लगता है। साथ ही आर्मपिट्स और दूसरी जगहों की स्किन भी छिल जाती है। इसलिए गर्मी के सीजन में कभी भी टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। आप टी-शर्ट, शर्ट, जींस, ट्राउजर में से जो भी पहनते हों, उसे लूज ही रखें। इससे आप कंफर्टेबल महसूस करेंगे।

### गंजी पहनना है सबसे जरूरी

कई लोगों को बनियान/गंजी पहनने की आदत नहीं होती है। वे सीधे शर्ट या टी-शर्ट पहन लेते हैं। गर्मी के मौसम में लू से बचाव के लिए सूती की गंजी जरूर पहननी चाहिए। इससे आपके शरीर से निकलने वाला पसीना भी सूख जाएगा।

